वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-2016

भा.कृ.अनु.प.–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर, पुणे–410 505, महाराष्ट्र, भारत

ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar, Pune- 410 505, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-2016

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर-410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत
ICAR - Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar–410 505, Pune, Maharashtra, India

वार्षिक प्रतिवेदन/Annual Report 2015-2016

प्रकाशक
डॉ. जय गोपाल
निदेशक

संकलन एवं संपादन
डॉ. एस.एस. गाडगे
डॉ. कल्याणी गोरेपति
श्री. कुलदीप
डॉ. जय गोपाल

प्रकाशित
मई 2016

©2016 भाकृअनुप–प्यालअनुनि, पुणे–410 505

सही उद्धरण
भाकृअनुप–प्यालअनुनि वार्षिक प्रतिवेदन 2015–16
भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय
राजगुरूनगर–410 505, पुणे, महाराष्ट्र, भारत

संपर्क
दूरभाष: 91–2135–222026, 222697
फैक्स: 91–2135–224056
ई–मेल: director.dogr@icar.gov.in
वेबसाईट: http://www.dogr.res.in

Published by
Dr. Jai Gopal
Director

Compiled & Edited by
Dr. S.S. Gadge
Dr. Kalyani Gorrepati
Shri. Kuldip
Dr. Jai Gopal

Published
May 2016

©2016 ICAR-DOGR, Pune - 410 505

Correct Citation
ICAR-DOGR Annual Report 2015-16
ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research
Rajgurunagar-410 505, Pune, Maharashtra, India

Contact
Phone: 91-2135-222026, 222697
Fax: 91-2135-224056
E-mail: director.dogr@icar.gov.in
Website: http://www.dogr.res.in

अभिकल्प व मुद्रण/Designed & Printed by
एन्सन एडवर्टायजिंग ऐंड मार्केटिंग, पुणे/Anson Advertising & Marketing, Pune
दूरभाष/Phone: 91-20- 24213244, टेलिफैक्स/Telefax: 91-20- 24210013
ई–मेल Email : ansonorama@gmail.com

विषय–सूची / Contents

- प्राक्कथन/Preface i
- कार्यकारी सारांश/Executive Summary iii
- परिचय/Introduction 1
- प्रगति प्रतिवेदन/Progress Report 4
  - फसल सुधार/Crop Improvement 4
  - फसल उत्पादन/Crop Production 45
  - फसल संरक्षण/Crop Protection 63
  - सस्योत्तर प्रौद्योगिकी/Post-harvest Technology 74
  - प्रसार/Extension 87
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/Transfer of Technology 94
- अनुसंधान परियोजनाएं/ Research Projects 109
- प्रकाशन/Publications 111
- संस्थागत गतिविधियां/Institutional Activities 116
- मानव संसाधन विकास/Human Resource Development 127
- आगंतुक/Visitors 135
- कार्मिक/Personnel 137
- वित्तीय विवरण/Financial Statement 141
- मौसम संबंधी आंकड़े/Meteorological Data 142
- परिणाम–फ्रेमवर्क दस्तावेज/Results–Framework Document 143

प्राक्कथन / Preface

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरूनगर, पुणे के वार्षिक प्रतिवेदन (2015–16) को प्रस्तुत करने का मुझे सुअवसर मिला है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, निदेशालय द्वारा विकसित और अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के माध्यम से संस्तुत प्याज की पांच और लहसुन की एक किस्म को अंतत: केन्द्रीय किस्मीय निर्मुक्ति एवं अधिसूचना समिति, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया। इस अधिसूचना से भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय इन किस्मों का प्रजनक बीज उत्पादन करने में समर्थ बना और इससे व्यापक पैमाने पर इन किस्मों का प्रसार करने में मदद मिलेगी। प्याज की एक नई किस्म 'भीमा लाईट रेड' को खेती के लिए जारी करने की सिफारिश की गई और इस नई किस्म को शामिल करके अब प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के पास सफेद से लेकर गहरे लाल रंग के कंदों की संपूर्ण विविधता वाली प्याज की दस किस्में हैं। देश के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों और मौसमों में खेती करने के लिए किसानों को इन किस्मों की आपूर्ति की जा रही है। प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त प्याज किस्मों को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और >15% के कुल घुलनशील ठोस पदार्थ वाले 90 प्रतिशत से अधिक कंदों वाले प्रगत वंशक्रमों की पहचान की गई है। प्याज में संकर विकास पर किए गए कार्य से डीओजीआर हाइब्रिड–5 की पहचान की गई जिसे अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना में बहुगुणनीकरण परीक्षण के लिए शामिल किया गया है। खरीफ मौसम में विविधीकृत लहसुन खेती के लिए जननद्रव्य का मूल्यांकन करने से कुछ आशाजनक वंशक्रमों को पहचानने में मदद मिली।

रबी तथा खरीफ में क्रमश: *स्टेमफाइलियम* अंगमारी और ऐन्थ्रेक्नॉज जैसे रोगों का प्रबंधन करने के लिए प्रतिरोधिता प्रजनन पर अधिक बल दिया गया है। रोगों के साथ–साथ थ्रिप्स के लिए जननद्रव्य की छंटाई के कार्य को जारी रखा गया और कुछ हद तक सहिष्णुता रखने वाले वंशक्रमों की पहचान की गई। कीटनाशकों के प्रयोग में कमी लाने के लिए वानस्पतिकों को परखा गया और प्रारंभिक परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि ऐन्थ्रेक्नॉज की रोकथाम में *यूकेलिप्टस* के जलीय सत् का छिड़काव प्रभावी है। अत्यधिक जल

It's my privilege to present the annual report (2015-16) of ICAR-Directorate of Onion and Garlic Research, Rajgurunagar, Pune. During the year, five onion varieties and one garlic variety developed by this Directorate and recommended through All India Network Research Project on Onion & Garlic, were finally notified by the Central Variety Release and Notification Committee, Govt. of India. Their notification has enabled ICAR-DOGR to take up the breeder seed production of these varieties, in place of truthfully labeled seed and thus would further help in the spread of these varieties to larger areas. A new onion variety 'Bhima Light Red' has also been recommended for release, and with the addition of this, now ICAR-DOGR has ten onion varieties in its basket with complete range of bulb colour varying from white to dark red. These are being supplied to farmers for cultivation in different agro-climatic regions and seasons of the country. Efforts are on to develop onion varieties suitable for processing, and advance lines with more than 90% bulbs with TSS >15% have been identified. Work on hybrid development in onion led to the identification of DOGR hybrid-5, which has been introduced in AINRPOG for multilocation testing. In order to diversify garlic cultivation to *kharif* season, germplasm evaluation led to identification of a few promising lines.

In order to manage diseases like *Stemphylium* blight in *rabi* and anthracnose in *kharif*, emphasis on resistance breeding has been increased. Germplasm screening for diseases as well thrips was continued, and lines with some level of tolerance have been identified. Further, to reduce the use of pesticides, botanicals were tested, and preliminary results showed that spray of aqueous

दबाव की सहिष्णुता को जांचने के लिए कृत्रिम जलभराव परिस्थितियों का इस्तेमाल प्याज वंशक्रमों की छंटाई करने में किया गया और कुछ सहिष्णु वंशक्रमों की पहचान की जा सकी। प्याज एवं लहसुन दोनों में जल व पोषक तत्व प्रबंधन में सुधार लाने के लिए अध्ययनों को जारी रखा गया। न्यूमैटिक सीड ड्रिल का उपयोग करके सीधी बीजाई वाली फसल रोपाई की गई फसल के समान ही अच्छी पाई गई बल्कि सीधी बीजाई वाली फसल में बड़े आकार वाले कंदों की उपज कहीं ज्यादा देखने को मिली। विषाणु मुक्त लहसुन प्रवर्ध्य के उत्पादन हेतु नेटहाउस परिस्थितियों के तहत लहसुन विभज्योतक की स्थापना करने में सफलता हासिल की गई। प्याज और इसके विषाणु वाहक थ्रिप्स में आनुवंशिक विविधता अध्ययन करने के लिए आणविक चिन्हों का उपयोग किया गया।

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का स्थापना दिवस दिनांक 16 जून, 2015 को ''प्याज दिवस'' के रूप में मनाया गया जिसमें 400 से भी अधिक किसानों को लाभान्वित किया गया। बड़ी संख्या में प्रशिक्षणों, प्रदर्शनियों तथा प्रदर्शनों का आयोजन किया गया जिनमें जन–जातीय उप परियोजना के तहत जन–जातीय क्षेत्र भी शामिल थे। इस वर्ष की एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि "दि ओनियन" पुस्तक का प्रकाशन है। इस पुस्तक में प्याज के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए कुल 18 अध्याय हैं। भारत में प्याज पर यह पहली पुस्तक है और इसका प्रकाशन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा किया गया। निदेशालय द्वारा कुछ और प्रसार व तकनीकी बुलेटिन भी प्रकाशित किए गए, जिनमें किसानों और अन्य हितधारकों के कल्याण के लिए डीओजीआर पर एक डिस्क भी शामिल है। वर्ष के दौरान निदेशालय द्वारा अभी तक का सबसे अधिक राजस्व ₹ 84.03 लाख भी सृजित किया गया। मैं, इन सभी उपलब्धियों को हासिल करने में कर्मचारी–वर्ग द्वारा किए गए योगदान तथा इस संबंध में और इस वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन में परिषद द्वारा किए गए सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

extract of *Eucalyptus* has potential in controlling anthracnose. Artificial water-logged conditions were used to screen onion lines for tolerance to excess water stress, and a few tolerant lines could be identified. Studies were continued to refine water and nutrient management both in onion and garlic. Crop from direct seeding using pneumatic seed drill was found as good as transplanted crop, rather yield of big bulbs was more in direct seeded crop. Success was achieved in establishing garlic mericlones under net house conditions for production of virus-free garlic propagules. Molecular markers were used for genetic diversity studies in onion and its virus vector Thrips.

The foundation day of ICAR-DOGR was celebrated as 'Onion Day' on 16th June 2015, where in more than 400 farmers were benefitted. A number of trainings, exhibitions, and demonstrations were organized including in the tribal areas under TSP. Another significant achievement of the year has been the publication of the book "The Onion", which has 18 chapters covering all aspects of onion. This is the first book on onion from India and was published by the ICAR, New Delhi. The Directorate also brought out some more extension as well as technical bulletins including a disk on DOGR for the welfare of farmers and other stakeholders. The Directorate also generated the highest ever revenue of ₹84.03 lakhs during the year. I acknowledge with thanks the contributions made by the staff to achieve all this, and the support and guidance provided by the Council in this regard and in bringing out this annual report.

जय गोपाल

जय गोपाल

Jai Gopal

कार्यकारी सारांश / Executive Summary

अधिदेश के अनुसार, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा छः अनुसंधान कार्यक्रमों तथा ग्यारह तदर्थ/बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में की जा रही विविध अनुसंधान व विकास गतिविधियों को जारी रखा गया। इसके साथ ही निदेशालय द्वारा प्याज बीज एवं लहसुन की रोपण सामग्री का उत्पादन एवं वितरण, अनुबंध अनुसंधान परियोजनाओं तथा प्रदर्शनों, प्रशिक्षणों, प्रदर्शनियों आदि सहित किसान–उन्मुख प्रसार गतिविधियां संबंधी कार्य भी किए गए। विषय–वार संक्षिप्त उपलब्धियों को नीचे प्रस्तुत किया गया है।

फसल सुधार

भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित तथा पूर्व में अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के माध्यम से संस्तुत प्याज की पांच एवं लहसुन की एक किस्म को केन्द्रीय किस्मीय निर्मुक्ति एवं अधिसूचना समिति, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया। प्याज की देसी किस्म भीमा राज को पादप किस्म व किसान अधिकार प्राधिकरण में पंजीकृत कराया गया।

प्याज एवं लहसुन के लिए राष्ट्रीय सक्रिय जननद्रव्य स्थल के रूप में, भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा अन्वेषणों के माध्यम से जननद्रव्य संकलन के कार्य को मजबूती प्रदान करना, और आनुवंशिक विविधता तथा महत्वपूर्ण लक्षणों के लिए कृष्ट एवं वन्य *एलियम* का अध्ययन कार्य जारी रखा गया। पांच प्राप्तियों की पहचान *स्टेमफाइलियम* अंगमारी की संतुलित प्रतिरोधी के रूप में की गई और इनमें केवल 11–25 प्रतिशत की रोग गंभीरता थी। इसी प्रकार, चार प्राप्तियां *कोलेटोट्राइकम ग्लीयोस्पोरिऑयडीज* की संतुलित प्रतिरोधी थीं। वन्य प्रजातियों की तीन प्राप्तियां नामतः *ए. ट्यूबरोसम* (सीजीएन–16418), *ए. फ्रेग्रेन्स* तथा *ए. ट्यूबरोसम* (सीजीएन–16418) भी *कोलेटोट्राइकम ग्लीयोस्पोरिऑयडीज* की संतुलित प्रतिरोधी पाई गईं। गड्ढ़ों तथा खेत में कृत्रिम रूप से उत्पन्न जल–भराव परिस्थितियों में, डीओजीआर हाइब्रिड़ 50, डीओजीआर हाइब्रिड 4, डीओजीआर हाइब्रिड 5, डब्ल्यू 208, एमएस 100 x भीमा सफेद और डब्ल्यू 453 एम 7 को सहिष्णु आंका गया। बीज स्वरूप में वन्य प्रजातियों के संरक्षण की सुविधा के लिए, गैर–पुष्पन किस्मों में पुष्पन

As per mandate, ICAR-Directorate of Onion & Garlic Research continued various research and development activities spread over six research programmes and eleven adhoc/externally funded projects. We also undertook production and distribution of onion seed and garlic planting material, contract research projects and farmer oriented extension activities including demonstrations, trainings, exhibitions etc. Discipline-wise summarized achievements are presented below.

Crop Improvement

Five varieties of onion and one variety of garlic developed by ICAR-DOGR and previously recommended through All India Network Research Project of Onion and Garlic were notified by Central Variety Release and Notification Committee, Govt. of India. An extant variety Bhima Raj was registered with PPV&FR Authority.

As National Active Germplasm site for onion and garlic, ICAR-DOGR continued to strengthen the collection through explorations, and studied the cultivated and wild Alliums for genetic diversity and characters of importance. Five accessions were identified as moderately resistant to *Stemphylium* blight and these had disease severity of 11-25% only. Similarly four accessions were moderately resistant to *Colletotrichum gloeosporioides.* Three accessions of wild species namely *A. tuberosum* (CGN-16418), *A. fragrance and A. tuberosum* (CGN-16418) were also moderately resistant to *C. gloeosporioides.* Under artificially created water-logged conditions in pits and field, DOGR Hybrid 50, DOGR Hybrid 4, DOGR Hybrid 5, W 208, MS 100 × Bhima Shubhra and W 453 M7 were judged as tolerant. In order to facilitate the conservation of wild species in seed form, attempt was made to induce flowering in non-

उत्प्रेरित करने का प्रयास किया गया। ए. *ट्यूबरोसम* की कुछ प्राप्तियों में दीर्घ प्रदीप्तिकाल में जीए$_3$ की 200 पीपीएम सांद्रता पर छिड़काव की अनुपूर्ति करके पुष्पन उत्प्रेरण किया गया। पर्णीय उपज और स्वादिष्टता के लिए वन्य खाने योग्य एलियम का मूल्यांकन करने पर सभी मौसमों में एकसमान पर्णीय उपज वाले ए. *ट्यूबरोसम* वंशक्रम एएलएल–1587 और ए. *ट्यूबरोसम* रॉट कुचाई वंशक्रम सीजीएन–16373 में खाने में उपयोग करने की क्षमता प्रदर्शित हुई।

प्याज की प्रजनक सामग्री का विभिन्न अवस्थाओं में मूल्यांकन किया गया और कुछ आशाजनक वंशक्रमों की पहचान की गई जिनमें संबंधित परीक्षणों के अंतर्गत विद्यमान सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म के मुकाबले उच्चतर उपज होने के साथ–साथ जोड़ वाले कंदों से मुक्त होने के संदर्भ में अच्छी गुणवत्ता भी है, कुछ वंशक्रमों में बहुत कम संख्या में जोड़ एवं तोर वाले कंद और दीर्घ जीवन–काल था। विभिन्न अवस्थाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले दो प्रगत वंशक्रमों आरजीपी–1 एवं आरजीपी–2 को अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना परीक्षण में शामिल किया गया। आरजीपी–1 रबी मौसम के लिए उपयुक्त है और इसके कंद पतली ग्रीवा के साथ सपाट गोल और मध्यम लाल रंग के होते हैं। इसमें जोड़ एवं तोर वाले कंदों से मुक्त एकसमान आकार के कंद उत्पन्न हुए। दो वर्षो में इसकी औसत विपणन योग्य उपज 32.86 टन/हे. थी जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय अथवा चयनित किस्म भीमा शक्ति (27.96 टन/हे.) की तुलना में 17.5 प्रतिशत अधिक थी। इसका औसत कंद भार 64.32 ग्राम था। पौध रोपण के 118 दिनों पश्चात् इसकी खुदाई की जा सकती है और इसकी भण्ड़ारण क्षमता भी बेहतर है। आरजीपी–2 भी रबी मौसम के लिए उपयुक्त है। इसके कंद पतली ग्रीवा के साथ एकसमान, गोल और गहरे लाल होते हैं। दो वर्षो में इसकी औसत विपणन योग्य उपज 36.92 टन/हे. थी जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय अथवा चयनित किस्म भीमा शक्ति (27.96 टन/हे.) की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक थी। यह जोड़ एवं तोर वाले कंदों से भी मुक्त थी। इसका औसत कंद भार 72.44 ग्राम था। पौध रोपण के 116 दिनों पश्चात् इसकी खुदाई की जा सकती है और इसकी भण्ड़ारण क्षमता भी बेहतर है। प्रसंस्करण के लिए प्याज की किस्मों को विकसित करने के लिए 17 प्रतिशत से अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ वाली किस्में विकसित की गईं। इस प्रजनक सामग्री में से चार प्रगत वंशक्रमों में 15 प्रतिशत से अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ वाले 90 प्रतिशत कंद थे।

मुक्त परागित किस्मों का विकास करने के साथ–साथ विभिन्न गुणों के लिए उच्च उपज और एकरूपता वाली प्याज की संकर किस्मों को विकसित करने के प्रयास भी जारी रखे गए। प्रगत अवस्था वाले प्याज संकर डीओजीआर हाइब्रिड–5 को सर्वश्रेष्ठ आंका गया और इसे अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना परीक्षण में शामिल किया गया। पतली ग्रीवा के साथ एकसमान, गोल तथा गहरे लाल रंग के कंदों वाला यह एफ$_1$ संकर खरीफ मौसम में खेती के लिए

flowering types. Long day photoperiod supplemented with spray of 200 ppm of GA$_3$ resulted in flower induction in some accessions of *A. tuberosum.* Evaluation of wild edible Alliums for foliage yield and palatability showed that *A. tuberosum* line All-1587 and *A. tuberosum* Rott. kuichai line CGN-16373 with uniform foliage yield in all seasons has potential of culinary use.

Onion breeding material of different stages was evaluated and some promising lines have been identified, which besides yielding higher than the existing best check variety in the respective trials, were also having good quality in terms of being free of double bulbs, had few bolters and longer shelf life. Two advanced lines RGP-1 and RGP-2 found to be doing well continuously in different stages were introduced in AINRPOG trial. RGP-1 is suitable for *rabi* season and its bulbs are flat-globe and medium red with thin neck. It produced uniform bulbs free of doubles and bolters. Its average marketable yield in two years was 32.86 t/ha which was 17.5% higher than the best check Bhima Shakti (27.96 t/ha). Average bulb weight was 64.32 g. It could be harvested in 118 days after transplanting and is good in storage. RGP-2 is also suitable for *rabi* season. Its bulbs are uniform, globe and dark red with thin neck. This line had 36.92 t/ha average marketable yield in two years, which was 32% higher than the best check Bhima Shakti (27.96 t/ha). It was also free of doubles and bolters. The average bulb weight was 72.44 g. This line could be harvested in 116 days after transplanting and has good storability. For developing onion varieties for processing, populations with more than 17% TSS have been developed. Four advance lines from this breeding material had 90% bulbs with more than 15% TSS.

Besides developing open-pollinated varieties, efforts were continued to develop onion hybrids with high yield and uniformity for various characters. Advance stage onion hybrid DOGR Hy-5 was judged as the best and introduced into AINRPOG trial. This F$_1$ hybrid is suitable for *kharif* season and has uniform, globe, dark red bulbs with thin neck. Its average marketable yield over two

उपयुक्त है। पिछले दो वर्षो में इसकी औसत विपणन योग्य उपज 38.73 टन/हे. दर्ज की गई जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा डार्क रेड़ (32.24 टन/हे.) की तुलना में 20.11 प्रतिशत अधिक थी। यह संकर किस्म जोड़ व तोर वाले कंदों से मुक्त है तथा कंदों का औसत भार 75.21 ग्राम था। यह संकर किस्म अगेती परिपक्वता वाली है और पौध रोपण के 100 दिन पश्चात् इसकी खुदाई की जा सकती है।

स्वपराजित तथा दोगुने अगुणित उत्पादन दोनों के माध्यम से संकर विकास में उपयोग करने हेतु अंत: प्रजात वंशक्रमों का विकास करना जारी रखा गया। उपयोग किए गए एसएसआर चिन्हों के लिए तीन दोगुने अगुणित समयुम्मद पाए गए।

खरीफ के दौरान लहसुन की बेमौसम खेती के लिए, सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा पर्पल के साथ चौरासी श्रेष्ठ वंशक्रमों का मूल्यांकन किया गया। सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म (1.01 टन/हे.) की तुलना में वंशक्रम सीओएल–पीबी–15–ईएल (1.86 टन/हे.) तथा एसीसी–321–बीआर–ईएल (1.46 टन/हे.) में उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक उपज दर्ज की गई। सेलेक्शन अथवा उत्परिवर्तन के माध्यम से विकसित किए गए लहसुन के अठहत्तर श्रेष्ठ वंशक्रमों का मूल्यांकन रबी मौसम के दौरान किया गया और तीन वंशक्रमों यथा सीओएल–पीबी–05 ईएल, पीबी 15 जीवाई मट ईएल तथा गोदावरी 1 जीवाई मट ईएल में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर कुल उपज हासिल की गई जो कि 6.65 से 7.25 टन/हे. के बीच थी जबकि तुलनीय किस्म भीमा ओमकार की उपज 6.46 टन/हे. थी।

फसल उत्पादन

रोपाई वाली फसल के साथ न्यूमैटिक ड्रिल, स्थानीय ड्रिल (हाथ से चालित) और छितराव का उपयोग करके सीधी बुवाई की तुलना की गई। न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल का उपयोग करके सीधी बीजाई वाली फसल में बड़े आकार के कंदों के साथ उच्चतर उपज देखने को मिली। रोपाई की गई फसल के मुकाबले सीधी बुवाई वाली फसल 15 दिन पहले परिपक्व हुई लेकिन सीधी बीजाई फसल में खेत में कुल कार्य अवधि कहीं ज्यादा है क्योंकि रोपाई वाली फसल में फसल के प्रारंभिक 45–50 दिन का समय नर्सरी में लगता है जिसके लिए अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्र (मुख्य खेत का 1/20वां भाग) की आवश्यकता होती है। गुटिका और गैर–गुटिका बीजों से तैयार की गई फसलों के बीच उपज के संदर्भ में कोई विशेष भिन्नता देखने को नहीं मिली।

प्याज में जल की कमी वाले दबाव हेतु महत्वपूर्ण बढ़वार अवस्था की पहचान करने के लिए किए गए अध्ययन में पता चला कि कंद दीर्घीकरण (रोपाई के 61–86 दिन पश्चात्) सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्था है क्योंकि इस अवस्था के दौरान प्याज की वृद्धि और उपज अन्य बढ़वार अवस्थाओं के मुकाबले कहीं ज्यादा प्रभावित होती है।

पछेती खरीफ तथा रबी मौसम के दौरान कंदीय उपज और पोषक तत्व अन्तर्ग्रहण दर पर ड्रिप प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों का

years was 38.73 t/ha, which was 20.11% higher than the best check Bhima Dark Red (32.24 t/ha). It is free of doubles and bolters. The average bulb weight was 75.21 g. This hybrid is early in maturity and can be harvested in 100 days after transplanting.

Development of inbreds for use in hybrid development was continued both by selfing and through double haploid production. Three double haploids were found to be homozygous for SSR markers used.

For off season cultivation of garlic during *kharif*, eighty-four elite lines were evaluated along with check Bhima Purple. Lines COL-PB-15-EL (1.86 t/ha) and ACC-321-BR-EL (1.46 t/ha) yielded significantly higher than the check (1.01 t/ha). Seventy-eight elite lines of garlic developed through selection or mutations were evaluated during *rabi* season and three lines viz. COL-PB-05 EL, PB 15 GY MUT EL and Godavari 1 GY Mut EL gave significantly higher total yield, which ranged from 6.65 to 7.25 t/ha as compared to 6.46 t/ha in Bhima Omkar.

Crop Production

Direct sowing using pneumatic drill, local drill (hand operated) and broad casting was compared with transplanted crop. Direct seeded crop using pneumatic seed drill had higher yield with bigger bulbs. This crop also matured 15 days earlier, but the overall field occupation period is higher in direct seeded crop because in transplanted crop for initial 45-50 days crop is in nursery only, for which much smaller area ($1/20^{th}$ of main field) is needed. There was no significant difference for yield in crops from pelleted and non-pelleted seeds.

The study conducted to identify critical growth stage for water-deficit stress in onion showed that bulb enlargement (61-86 DAT) is the most critical stage as at this stage growth and yield of onion get severely affected as compared to other growth stages.

A field experiment was conducted to study the effect of fertilizer application through drip system on bulb yield and nutrient uptake during late *kharif* and *rabi* seasons. The results showed that application of

अनुप्रयोग करने के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। परीक्षण के परिणामों से पता चला कि 10 दिन के अन्तराल पर ड्रिप सिंचाई के माध्यम से 100:54:36 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस– पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने पर दोनों मौसमों में उच्चतर उपज हासिल की जा सकती है जो कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से 12 एवं 10 दिन के अन्तराल पर 110:40:60:30 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस – पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने के समतुल्य थी । पछेती खरीफ मौसम के दौरान पोषक तत्व अन्तर्ग्रहण के लिए भिन्न उपचारों के बीच कोई विशेष भिन्नता देखने को नहीं मिली । हालांकि, 110:40:60:30 किग्रा. नाइट्रोजन– फॉस्फोरस – पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने की अपेक्षा 110:36:54:30 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने पर पोषक तत्वों का अवशोषण अधिक मात्रा में पाया गया। प्याज बीज उपज के संदर्भ में, पौध रोपण से 48 दिनों तक 12 दिनों के अन्तराल पर 80:40:40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने पर पौध रोपण से 50 दिनों तक 10 दिनों के अन्तराल पर 100:50:50 किग्रा.नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने के समतुल्य परिणाम प्राप्त हुए । इन उपचारों में हालांकि, आधार रूप में फॉस्फोरस एवं पोटासियम के साथ अकेले 100 किग्रा. नाइट्रोजन के विखण्डित अनुप्रयोग की अपेक्षा कहीं उच्चतर बीज उपज प्राप्त हुई। पूर्ववर्ती फसल के रूप में सोयाबीन को शामिल करने से मक्का–प्याज फसलचक्र प्रणाली की तुलना में कुल नाइट्रोजन अन्तर्ग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

जिंक सल्फेट का मृदा में तथा पर्णीय अनुप्रयोग एवं तदुपरान्त फेरस सल्फेट का मृदा में एवं पर्णीय अनुप्रयोग के साथ 110:40:60:40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने पर क्रमश: अधिकतम उपज हासिल की गई । फेरस सल्फेट का मृदा में एवं पर्णीय अनुप्रयोग करने की तुलना में जिंक सल्फेट का मृदा में एवं पर्णीय अनुप्रयोग करने पर 2.4 प्रतिशत उच्चतर कंदीय उपज हासिल हुई । हालांकि, लहसुन की फसल में ऐसा कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। ऐसा शायद उस प्रयोग में मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्वों की पर्याप्त विद्यमानता के कारण था।

फसल संरक्षण

विषयुक्त खाद्य तकनीक द्वारा *एस. वेसीकेरियम* के विरूद्ध 15 पुराने और साथ ही नई पीढ़ी के कवकनाशियों का परीक्षण तीन भिन्न सान्द्रता (0.05 प्रतिशत, 0.1 प्रतिशत एवं 0.15 प्रतिशत) पर *स्व: पात्रे* में किया गया। *एस. वेसीकेरियम* की संवेदनशीलता अलग–अलग कवकनाशियों और उनकी सान्द्रता के अनुसार भिन्न–भिन्न थी। कवकनाशी नामत: डाइफेन्कोनाजोल 250 ईसी, प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी, कॉपर ऑक्सी–क्लोराइड़ 100:54:36:30 kg NPKS/ha through drip irrigation at 10 days interval resulted in higher yield in both the seasons and it was at par with 110:40:60:30 kg NPKS/ha at 12 and 10 days intervals. No significant difference was observed between treatments for nutrient uptake during late *kharif* season. However, application of 100:36:54:30 kg NPKS/ha resulted in absorption of higher nutrients than in 110:40:60:30 kg NPKS/ha. In onion seed crop, application of 80:40:40 kg NPK/ha at 12 days interval from planting to 48 days was at par with 100:50:50 kg NPK/ha at 10 days interval up to 50 days for seed yield. These treatments, however, resulted in higher seed yield than split application of 100 kg N alone with P and K as a basal dose. Inclusion of soybean as a proceeding crop of onion increased the total nitrogen uptake significantly over maize-onion system.

The study on use of micronutrients in onion crop showed that application of 110:40:60:40 kg NPKS/ha along with soil and foliar application of $ZnSO_4$ result in highest yield followed by soil and foliar application of $FeSO_4$. Soil and foliar application of $ZnSO_4$ gave 2.4% higher bulb yield than soil and foliar application of $FeSO_4$. However, no such effect was observed in garlic crop, which was perhaps due to presence of sufficient micronutrients in the soil in that experiment.

Crop Protection

Fifteen old as well as new generation fungicides were tested in-vitro at three concentrations (0.05%, 0.1% and 0.15%) against *Stemphilum vesicarium* by poisoned food technique. The sensitivity of *S. vesicarium* varied with fungicide and its concentration. Fungicides namely, Difenoconazole 250EC, Propiconazole 25% EC, Copper oxy-chloride 50% WP, Captan70% + Hexaconozole 5% and Iprodione 25% + carbendazim 25%WP caused maximum growth inhibition of the pathogen (86.7%) at all levels. Thus, lowest of the tested concentrations of these fungicides was enough to inhibit this pathogen.

50 प्रतिशत डब्ल्यूपी, कैप्टान 70 प्रतिशत + हेक्साकोनाजॉल 5 प्रतिशत एवं आइप्रोडिओन 25 प्रतिशत + कार्बेन्डाजिम 25 प्रतिशत डब्ल्यूपी के कारण सभी स्तरों पर रोगजनकों का अधिकतम बढ़वार निरोध (86.7 प्रतिशत) प्रदर्शित हुआ। अत: इस रोगजनक का निरोध करने में इन कवकनाशियों की जांची गई न्यूनतम सांद्रता ही पर्याप्त थी।

प्राकृतिक रूप से उपलब्ध वानस्पतिकों का मूल्यांकन *कोलेटोट्राइकम ग्लीयोस्पोरिऑयडीज* के विरूद्ध इनकी प्रति–कवकीय सक्रियता को जानने के लिए किया गया। सात पौधा प्रजातियों यथा ड्रमस्टिक (*मोरिंगा ओलीफेरा*), लैण्टाना खरपतवार (*लैण्टाना कैमारा*), करंज (*पोंगानिया पिन्नेटा*), नीम (*एजाडिरेक्टा इण्डिका*), पपीता (*कैरिका पपाया*), करी पौधा (*मुरेया कीनिगाई*), कैलोट्रॉपिस (*कैलोट्रापिस प्रोसेरा*) तथा यूकेलिप्टस (*यूकेलिप्टस ग्लोबल्स*) की सूखी पत्तियों के चूर्ण का *स्व: पात्रे* परिस्थितियों के अंतर्गत 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत की जलीय सान्द्रता पर *कोलेटोट्राइकम ग्लीयोस्पोरिऑयडीज* की बढ़वार तथा बीजाणुजनन पर इनका प्रभाव जानने के लिए मूल्यांकन किया गया। इनमें से *यूकेलिप्टस* का सत् अथवा अर्क सभी सान्द्रता पर उल्लेखनीय रूप से प्रभावी पाया गया। इससे उष्मायन के 7 दिन पश्चात् 89.21 प्रतिशत तक माइसीलिया की वृद्धि रूकी। अन्य पौधों के सत् अथवा अर्क अप्रभावी थे। सभी तीनों सान्द्रता पर पौधा की पत्तियों के सत् अथवा अर्क (65.9 प्रतिशत) के कारण नियंत्रित उपचार की तुलना में माइसीलिया बढ़वार में अधिकतम वृद्धि हुई। अधिकतम बीजाणुजनन निरोध *यूकेलिप्टस* (100 प्रतिशत) एवं तदुपरान्त क्रमश: नीम (78.3 प्रतिशत) व करंज (74.5 प्रतिशत) द्वारा पाया गया। खरीफ 2015 के दौरान खेत परिस्थितियों में दो वानस्पतिकों यथा *पोंगामिया पिन्नेटा* एवं *यूकेलिप्टस ग्लोबल्स* की प्रत्येक सत् सांद्रता के प्रति–कवकीय प्रभावों का अध्ययन किया गया। पौध रोपण के 30, 45 एवं 60 दिन पश्चात् छिड़काव किए गए। सत् अथवा अर्क की सांद्रता में वृद्धि करने पर ऐन्थ्रेक्नॉज की गंभीरता में कमी आई। सबसे कम रोग गंभीरता (नियंत्रण के मुकाबले 63.2 प्रतिशत कमी) *ई. ग्लोबल्स* के पत्ती सत् का 15 प्रतिशत पर्णीय अनुप्रयोग करने पर पाई गई।

लहसुन के प्रमुख विषाणुओं यथा *ओनियन येलो डवार्फ वायरस, लीक येलो स्ट्राइप वायरस, गार्लिक कॉमन लेटेन्ट वायरस* तथा एक एलेक्सीवायरस समूह (इस समूह में कुल आठ प्रजातियां) के लिए अनुकूल मल्टीप्लेक्स आरटी–पीसीआर पाने हेतु तीन स्तरों के साथ चार कारकों का परीक्षण किया गया। मल्टीप्लेक्स अनुक्रिया की मदद से 1000 प्रतियां प्रति अनुक्रिया तक वायरस टिटर को खोजा जा सका। मल्टीप्लेक्स की संवेदनशीलता मोनोप्लेक्स–आरटी–पीसीआर के समतुल्य थी।

Naturally available botanicals were evaluated for their antifungal activity against *C. gloeosporioides.* Air dried leaf powder of seven plant species viz., Drumskick (*Moringa oleifer*), Lantana weed (*Lantana camara*), Karanj (*Pongamia pinnata*), Neem (*Azadirachta indica*), Papaya (*Carica papaya*),Curry tree (*Murraya koenigii*), Calotropis (*Calotropis procera*), and Eucalyptus (*Eucalyptus globulus*) were evaluated at 5%, 10% and 15% aqueous concentrations under in-vitro condition for their effect on growth and sporulation of *C. gloeosporioides.* Among these *Eucalyptus* extract was found significantly effective at all concentrations. It inhibited the mycelia growth up to 89.21% after 7 days of incubation. Extracts of other plants were ineffective. Maximum increase in mycelia growth over control was caused by Curry leaves extract (65.9%) at all three concentrations. Maximum spore inhibition (100%) was by *Eucalyptus* followed by Neem (78.3%) and Karanj (74.5%). Antifungal effect of two botanicals *viz., Pongamia pinnata* and *Eucalyptus globulus* each of these concentrations was also tested under field conditions during kharif 2015. Sprays were done at 30, 45 and 60 days after transplanting. Anthracnose severity reduced with increase in the concentration of the extracts. The least disease severity (63.2% reduction over control) was in foliar application of 15% leaf extract of *E. globulus.*

Multiplex RT-PCR for major garlic viruses viz., *Onion yellow dwarf virus* (OYDV), *Leek yellow stripe virus* (LYSV), Garlic common latent virus (GarCLV) and a Allexivirus group (total eight species in this group) was optimized. It could detect virus titer up to 1000 copies per reaction. The sensitivity of multiplex was at par with the monoplex-RT-PCR.

Four new insecticide molecules Emamectin benzoate, Cyantraniliprole, Difenthiuron and Tolfenpyrad, and one biological extract i.e. sea-weed extracts were evaluated against onion thrips under field condition during *kharif* 2015. All insecticides were effective in reducing the *thrips* than in control. Of these, cynantraniliprole and emamectin benzoate caused highest mortality of onion thrips. Emamectin benzoate spray resulted in maximum yield (1600

खरीफ 2015 के दौरान खेत परिस्थितियों के अंतर्गत प्याज थ्रिप्स के विरूद्ध चार नए कीटनाशक अणुओं इमामेक्टिन बेन्जोएट, सान्ट्रानिलीप्रोल, डाइफेनथियूरॉन तथा टॉलफेन्पाइरड तथा एक जैविक सत् अथवा अर्क यथा समुद्री खरपतवार अर्क का मूल्यांकन प्याज थ्रिप्स के विरूद्ध किया गया। नियंत्रित उपचार की तुलना में सभी कीटनाशक थ्रिप्स की संख्या को कम करने में प्रभावी थे। इनमें से, सान्ट्रानिलीप्रोल और इमामेक्टिन के कारण प्याज थ्रिप्स की अधिकतम मृत्युदर दर्ज की गई। इमामेक्टिन बेन्जोएट के छिड़काव के परिणामस्वरूप अधिकतम उपज (1600 किग्रा./हे.) दर्ज की गई। टीआईबीएस कीटनाशक जैव आमाप का उपयोग करके *थ्रिप्स टैबेकी* के प्रति प्रोफिनोफॉस एवं कार्बोसल्फॉन की विषालुता को जांचा गया। कार्बोसल्फॉन तथा प्रोफिनोफॉस की माध्य मारक सांद्रता क्रमश: 0.34 एवं 0.04 प्रतिशत थी। लहसुन पर पाले गए एलमण्ड मोथ, *ईफेस्टिया कॉटेला* (पायरालिडे : लेपिडोप्टेरा) के जीवविज्ञान अध्ययन में एलमण्ड मोथ का औसत जीवनचक्र काल 32.99 दिन था। प्रति मादा कुल 146.6± 10.76 अण्ड़े थे और वयस्कों में अण्ड़ा जनने की अवधि 4.65 ±0.29 दिन थी।

थ्रिप्स संख्या में विविधता का विश्लेषण करने के लिए दो चिन्हों यथा mtCOI अनुक्रमों एवं एसआरएपी चिन्हों का उपयोग किया गया। थ्रिप्स संख्या में आनुवंशिक भिन्नता का पता लगाने में mtCOI अनुक्रमों की अनुक्रम विविधता बहुत कम थी लेकिन इससे भारतीय *टी. टैबेसी* की पुनरूत्पादित वंशावली का पता लगाया जा सका। एसआरएपी मार्कर की सहायता से विविधता का पता लगाया जा सका । 11 थ्रिप्स संख्या के बीच आनुवंशिक एकरूपता में 25 से 75 प्रतिशत तक की भिन्नता थी।

फ्लो साइटोमीट्री का उपयोग करके भारतीय *टी. टैबेसी* संख्या के जीनोम आकार का निर्धारण किया गया। जीनोम के दो आकार द्विगुणित एवं चारगुणित पाए गए। आकृतिविज्ञान की दृष्टि से ये एक जैसे थे। कुल 17 स्थानों में से, 12 स्थानों पर *टी. टैबेसी* संख्या प्रबल रूप से द्विगुणित थी। कुल 5 स्थानों यथा पुणे, बागलकोट, कानपुर तथा हिसार में बहुगुणित संख्या की प्रबलता पाई गई। पुनरूत्पादित व्यवहार के आधार पर वर्गीकरण का आकलन करने के लिए, भारत के विभिन्न भौगोलिक स्थानों से mtCOI अनुक्रमों का विश्लेषण निकट सम्पर्क विधि का उपयोग करके ग्लोबल अनुक्रम डेटा के संबंध में किया गया। सभी अनुक्रमों की क्लस्टरिंग थेलाइटोकस संख्या वर्ग में की गई। विश्लेषण में कुल 39 न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम शामिल थे। अंतिम डेटासेट में कुल 310 स्थितियां थीं। विषमद्रव्यी प्रदर्शित करने वाले प्रत्येक में उपस्थित अरहिनोटोकस एवं थेलाइटोकस mtCOI हैप्लोटाइप्स को पहचानने और उनका परिमाणन करने के लिए अरहिनोटोकस एवं थेलाइटोकस हैप्लोटाइप्स, फ्लो साइटोमीट्री एवं मात्रात्मक यथार्थ समय

kg/ha).Toxicity of profenophos and carbosulfan to *Thrips tabaci* was tested using TIBS insecticide bio-assay. The median lethal concentrations of carbosulfan and profenophos were 0.34 and 0.04, respectively. Study on biology of almond moth, *Ephestia cautella* (Pyralidae: Lepidoptera) on garlic showed that the average life cycle period of almond moth was 32.99 days. The total egg laid per female was 146.6 ± 10.76 and adult to egg laying duration was 4.65±0.29 days.

Two markers viz., mtCOI sequences and SRAP were used for analysis of diversity among the thrips populations. The sequence diversity of mtCOI sequences was too low to detect genetic differences among the populations, but the reproductive lineage of Indian *T. tabaci* population could be traced. The SRAP marker could detect diversity. Genetic similarity among 11 thrips populations varied from 25 to 75 percent.

Genome size of Indian *T. tabaci* population was determined using flow cytometry. Two genome sizes were observed, diploids and tetraploids. Morphologically these were identical. Out of total 17 locations, at 12 locations *T. tabaci* population was predominantly diploids. The predominant polyploid population was observed at 5 locations *viz.* Pune, Bagalkot, Kanpur and Hisar. To asses classification based on reproductive behavior, mtCOI sequences from different geographic locations of India were analysed with respect to global sequence data set using the Neighbor Joining method. All the sequences were clustered in thelytokous population group. The analysis involved 39 nucleotide sequences. There were a total of 310 positions in the final dataset. Sequence-specific primers (SSP-PCR) associated with arrhenotokous and thelytokous haplotypes, flow cytometry and quantitative real-time PCR (qRT-PCR) were used to identify and quantify arrhenotokous and thelytokous mtCOI haplotypes present in individuals exhibiting heteroplasmy. All of the *T. tabaci* individuals tested in this study were from the thelytokous lineage and all were found to have mtCOI haplotypes from both arrhenotokous

पीसीआर (क्यूआरटी–पीसीआर) के साथ सम्बद्ध अनुक्रम–विशिष्ट प्राइमर्स (एसएसपी–पीसीआर) का उपयोग किया गया। इस अध्ययन में जांचे गए सभी *टी. टैबेसी* थेलाइटोकस वंशावली से जुड़े हुए थे और सभी में अरहिनोटोकस एवं थेलाइटोकस वंशावली दोनों से mtCOI हैप्लोटाइप्स पाए गए। सभी वैयक्तिक में थेलाइटोकस हैप्लोटाइप्स की प्रतिशतता प्रबल थी; जब वैयक्तिक को स्थान के माध्यम से जमा किया गया तब अरहिनोटोकस वंशावली से हैप्लोटाइप्स की प्रतिशतता 1.22 से 4.04 प्रतिशत के बीच थी।

फसलोत्तर प्रबंधन

डीओजीआर की सात प्याज किस्मों के भण्डारण व्यवहार से पता चला कि न्यूनतम भार क्षति के साथ भीमा शक्ति और भीमा किरन में बेहतर भण्ड़ारण क्षमता थी जबकि भीमा सुपर, भीमा सफेद तथा भीमा शुभ्रा में निकृष्ट भण्ड़ारण क्षमता थी। 60 दिनों के पश्चात् इस वृद्धि के कारण क्षति के तौर पर सड़न एवं अंकुरण के लिए 60 दिन की भण्ड़ारण अवधि ट्रिगर प्वाइंट थी। भण्ड़ारण के 30 से 90 दिनों तक श्वसन दर में वृद्धि हुई और 90 दिनों के पश्चात् इसमें कमी आई। आमतौर पर, कुल फिनोल मात्रा भी भण्ड़ारण के 60 दिन पश्चात् तक बढ़ी और तदुपरान्त भण्ड़ारण के 90 दिन पश्चात् तक इसमें कमी आई। पाइरूविक अम्ल मात्रा भण्ड़ारण के 30 दिनों तक बढ़ी और तदुपरान्त इसमें कमी आनी शुरू हुई। भण्ड़ारण के दौरान इसी तरह की कमी वाली प्रवृति फ्लेवोनॉइड मात्रा में भी देखी गई।

भण्ड़ारण के दौरान क्षति में कमी लाने के लिए कोबाल्ट क्लोराइड के खुदाई–पूर्व छिड़काव करके प्रयास किए गए। हालांकि, कोबाल्ट क्लोराइड के छिड़काव का कोई स्पष्ट प्रभाव देखने को नहीं मिला बल्कि कुछ मामलों में तो इससे कुल भार कमी, अंकुरण तथा सड़न में चयनित उपचार के मुकाबले वृद्धि ही देखने को मिली। इसी प्रकार, आईएए छिड़काव का भी कोई स्पष्ट रूझान देखने को नहीं मिला।

ऐस्परजिलस नाइजर के कारण होने वाली काली फफूंदी भण्ड़ारित प्याज में होने वाली एक प्रचलित समस्या है। डीओजीआर की प्याज की सात किस्मों में काली फफूंदी के कारण होने वाली भण्ड़ारण क्षति का मूल्यांकन किया गया। इसकी रोग गंभीरता जहां 54.8 से 64.6 प्रतिशत पाई गई वहीं रोग आपतन 13.9 से 50.4 प्रतिशत के बीच था । रोग आपतन जहां भीमा राज में न्यूनतम (13.9 प्रतिशत) था वहीं रोग गंभीरता भीमा रेड़ में न्यूनतम (54.8 प्रतिशत) थी।

लहसुन की किस्म भीमा ओमकार के कंदों में एलमण्ड मोथ, *ईफेस्टिया कॉटेला* (वॉकर) (पॉयरालिडे : लेपिडोप्टेरा) तथा सिगरेट भृंग *लेजियोडर्मा सेरीकॉर्न* (फैब्रीसियस) (एनोबीडे : कोलियोप्टेरा) के कारण होने वाली भण्ड़ारण क्षति का अध्ययन किया गया। कीटनाशक उपचार में, हैंड एटोमाइजर का उपयोग करते हुए 0.03 प्रतिशत स्पाइनोसैड 5 प्रतिशत एससी एवं

and thelytokous lineages. The percentages of thelytokous haplotypes in all individuals predominated; haplotypes from arrhenotokous lineages comprised 1.22% to 4.04% of the haploytpes when individuals were pooled by location.

Post-harvest

Storage behaviour of seven onion varieties of DOGR showed that Bhima Shakti and B. Kiran had better storability with least weight loss, whereas B. Super, B. Safed and B. Shubhra had poor storability. Sixty days storage was the trigger point for rotting and sprouting as losses due to these increased after 60 days. Respiration rate increased from 30 to 90 days of storage, and decreased after 90 days. In general, total phenol content also increased up to 60 DAS and decreased at 90 DAS. Pyruvic acid content increased up to 30 days and then started decreasing. A decreasing trend during storage was observed in flavonoid content.

Pre-harvest sprays of $CoCl_2$ were tried to reduce storage losses. However, these sprays did not give any clear effect, rather in some cases there was increase in total weight loss, sprouting and rotting than the control. Similarly, IAA sprays too did not give any clear trend.

Black mould caused by *Aspergillus niger* is a common problem in stored onion. Storage losses due to black mould were evaluated in seven onion varieties of DOGR. Disease severity ranged from 54.8 to 64.6% while disease incidence was from 13.9 to 50.4%. The disease incidence was lowest (13.9%) in B. Raj whereas disease severity was lowest (54.8%) in B. Red.

Storage loss due to almond moth, *Ephestia cautella (Walker*) (Pyralidae: Lepidoptera) and cigarette beetle *Lasioderama serricorne* (Fabricius) (Anobiidae: Coleoptera) was studied in bulbs of garlic variety Bhima Omkar. Pests' infestation was significantly lower in bulbs sprayed with 0.03% spinosad 5% SC followed by 0.15% dichlorvos 76% EC using hand atomizer than in untreated ones.

तदुपरान्त 0.15 प्रतिशत डाइक्लोरवॉस 76 प्रतिशत ईसी का छिड़काव करने पर अनुपचारित कंदों की तुलना में नाशीजीव संक्रमण उल्लेखनीय रूप से कम पाया गया।

प्रसार

रबी, खरीफ तथा पछेती खरीफ मौसम में तीन राज्यों क्रमश: आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान तथा कर्नाटक में किसानों के खेतों पर छ: अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए। निदेशालय द्वारा विकसित प्याज किस्मों के बीजों को इन राज्यों के प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया। सभी प्रदर्शनों में स्थानीय तुलनीय किस्मों के मुकाबले डीओजीआर की किस्मों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

वर्ष 2013 में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनों के प्रभाव का अध्ययन वर्ष 2015 में चयनित क्षेत्रों में सर्वेक्षण करके किया गया। विश्लेषण करने पर पता चला कि इस क्षेत्र में किसानों द्वारा प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय की प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उनकी वार्षिक आय में वृद्धि, ऋण अदायगी क्षमता में वृद्धि, फार्म तथा घरेलू परिस्थितियों में सुधार, घरेलू खर्च क्षमता में वृद्धि तथा सामाजिक कार्यों में प्रतिभागिता में वृद्धि का उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, किसानों के लिए कुल सोलह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें महाराष्ट्र के नन्दुरबार के आदिवासी क्षेत्र में सात प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल थे। प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय के स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 16 जून, 2016 को प्याज दिवस मनाया गया जिसमें 400 से भी अधिक किसानों ने भाग लिया। प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय ने देश के विभिन्न भागों में आयोजित दस प्रदर्शनियों में भी भाग लिया और वहां अपनी किस्मों व प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया तथा साथ ही किसानों और अन्य हितधारकों को प्याज व लहसुन की उन्नत कृषि रीतियों पर साहित्य सुलभ कराया। सभी प्याज तथा लहसुन उत्पादकों के लाभ हेतु एक फसल कैलेण्डर भी जारी किया गया।

विविध

संस्थान की सभी गतिविधियां यथा आईआरसी, आरएसी, आईएमसी एवं अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की वार्षिक समूह बैठक का आयोजन समय पर किया गया। स्वच्छ भारत अभियान और मेरा गांव मेरा गौरव पर नियमित रूप से गतिविधियां चलाईं गईं। कृषि विज्ञान केन्द्र, नारायणगांव में दिनांक 5 दिसम्बर 2015 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस के अवसर पर कुल 250 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए

Extension

Six front-line demonstrations were conducted in three states *viz*., Andhra Pradesh, Rajasthan, and Karnataka during *rabi, kharif* and late *kharif* seasons, respectively. The seeds of onion varieties developed by the Directorate were provided to the selected progressive farmers of these states. DOGR varieties performed better than the local checks in all the demonstrations.

Impact of the demonstrations conducted by DOGR in Vidharbha region of Maharashtra in 2013 was studied by undertaking survey in the selected areas in 2015. The analysis showed that adoption of DOGR technologies by the farmers of this region had positive effect on their socio-economic condition in terms of increase in annual income, loan repayment capacity, improvement in farm and home condition, increase in domestic spending and participation in social events.

During the year sixteen trainings were conducted for the farmers including seven in the tribal belt of Nandurbar in Maharashtra. Onion Day was celebrated on 16th June 2016, on the occasion of Foundation day of DOGR in which more than 400 farmers participated. DOGR also participated in ten exhibitions in different parts of the country and displayed the varieties and technologies in these exhibitions and also provided the onion and garlic literature on improved cultivation practices to farmers as well as other stake holders. A crop calendar was also brought out for the benefit of all onion and garlic growers.

Miscellaneous

All institutional activities i.e. IRC, RAC, IMC and Annual Group Meeting of the AINRPOG were held timely. Activities on Swachh Bharat Abhiyan and Mera Gaon Mera Gaurav were also undertaken regularly. Soil health cards were distributed to 250 farmers on International Soil Day which was celebrated on December 5, 2015 at KVK, Narayangaon. DOGR supplied onion seed and garlic

गए। प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा 1565 किसानों, 62 कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा 56 सरकारी एवं निजी बीज उत्पादक संगठनों व कम्पनियों को प्याज बीज एवं लहसुन की रोपण सामग्री की आपूर्ति की गई। 12वीं योजना प्रस्ताव के अनुसार बुनियादी सुविधा को मजबूती प्रदान की गई और पूर्णरूपेण बजट का उपयोग किया गया। प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान ₹84.03 लाख का रिकॉर्ड राजस्व भी सृजित किया गया।

planting material to 1565 farmers, 62 KVKs, and 56 government and private seed producing organizations and companies. Infrastructure was strengthened as per XIIth plan proposal and budget was utilized fully. DOGR also generated the record revenue of ₹84.03 lakhs during the year.

परिचय

Introduction

निदेशालय

देश में प्याज व लहसुन के महत्व को समझते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) ने वर्ष 1994 में आठवीं योजना के अंतर्गत नासिक में प्याज व लहसुन संबंधी राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना की। उसके बाद 16 जून 1998 को इस केंद्र को राजगुरुनगर में स्थानांतरित किया गया। प्याज एवं लहसुन संबंधी अनुसंधान व विकास कार्यकलापों के बढ़ जाने के कारण इस केंद्र का दिसंबर 2008 में उन्नयन करके इसे प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय का दर्जा दिया गया। मुख्य संस्थान में अनुसंधान व विकास कार्यों के अतिरिक्त, निदेशालय की देश भर में प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना में 15 सम्मिलित केंद्र और 14 स्वयंसेवी केंद्र कार्य कर रहे हैं।

स्थान तथा मौसम

निदेशालय का मुख्यालय राजगुरुनगर में स्थित है, जो पुणे–नासिक राजमार्ग पर पुणे से लगभग 45 कि.मी. की दूरी पर है। यह समुद्री सतह से 553.8 मी. ऊपर तथा 18.32^{0} उत्तर एवं 73.51^{0} पूर्व में स्थित है। यहां का तापमान 5.5^{0} से. से 42.0^{0} से. के बीच रहता है तथा यहां वार्षिक औसत वर्षा 669 मि.मी. होती है।

बुनियादी ढांचा

इस निदेशालय का राजगुरुनगर में 55 एकड़ अनुसंधान फार्म है जिसमें सिंचाई की बारहमासी सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा 56 एकड़ भूमि कालुस में और 10 एकड़ मांजरी में भी है। निदेशालय में जैव–प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, पादप संरक्षण, बीज प्रौद्योगिकी तथा सस्योत्तर प्रौद्योगिकी संबंधी अनुसंधान प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं, जिनमें समस्त आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। निदेशालय के पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं, एलियम्स पर ई–संसाधनों का विपुल संकलन है। आसानी से साहित्य प्राप्त करने के लिए ई–मेल सम्पर्क व्यवस्था मौजूद है। निदेशालय की अपनी वेबसाइट http://dogr.res.in है जिससे शीघ्र ही अद्यतन सूचनाएं तथा प्याज एवं लहसुन की समुचित जानकारी और निदेशालय के प्रशासनिक मामलों से संबंधित सूचनाए प्राप्त हो जाती हैं।

The Directorate

Realizing the importance of onion and garlic in the country, Indian Council of Agricultural Research (ICAR) established National Research Centre for Onion and Garlic in VIII Plan at Nasik in 1994. Later, the Centre was shifted to Rajgurunagar on 16th June 1998. Due to expansion of R&D activities of onion and garlic, the centre was rechristened and upgraded to Directorate of Onion and Garlic Research (DOGR) in December 2008. Besides the R&D at main Institute, DOGR also has All India Network Project on Onion and Garlic with 15 participating centres and 14 voluntary centres across the country.

Location and weather

The Head Quarter of Directorate located at Rajgurunagar, is about 45 km from Pune, Maharashtra on Pune –Nashik Highway. It is 18.32 $^{\circ}$N and 73.51 $^{\circ}$E at 553.8 m above m.s.l. with a temperature range of 5.5 $^{\circ}$C to 42.0 $^{\circ}$C and having annual average rainfall of 669 mm.

Infrastructure

The centre has 55 acres of research farm with perennial irrigation facilities at Rajgurunagar, 56 acres at Kalus and 10 acres at Manjari. The centre has research laboratories for biotechnology, soil science, plant protection, seed technology and post-harvest technology with modern state of the art equipments. The library at the centre has extensive collection of books, journals, e-sources on Alliums. The internet and e-mail connectivity has been strengthened for easy literature access. The centre has its own website: http://dogr.res.in, which provides rapid updates and all relevant information on onion and garlic and administrative matters of DOGR.

दृष्टि

प्याज और लहसुन के उत्पादन, उत्पादकता, निर्यात तथा गुणवत्ता को बढ़ाना।

लक्ष्य

प्याज एवं लहसुन की सर्वंकष वृध्दि के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण के संवर्धन को बढ़ावा देना।

अधिदेश

- प्याज एवं लहसुन के आनुवांशिक संसाधनों तथा वैज्ञानिक जानकारियों के एक प्रमुख स्त्रोत के रुप में कार्य करना।
- प्याज एवं लहसुन के उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने हेतु बुनियादी और प्रायोगिक अनुसंधान का कार्य करना।
- प्याज एवं लहसुन के गुणवत्तापूर्ण बीजोत्पादन और तकनिकी विकास हेतु सामरिक अनुसंधान कार्य करना।
- प्रसंस्करण एवं सस्योत्तर प्रबंधन विधियों द्वारा मूल्यवर्धित उत्पादों को विकसित कर उपयोग में लाने हेतु बढ़ावा देना।
- उन्नत तकनीक का प्रसार करना, सलाहकारी और परामर्श सेवाएं प्रदान करना और उद्यमिता को बढ़ावा देना।
- राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और निजी संगठनों से सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों हेतु नेटवर्क व्यवस्था के अंतर्गत संबंध स्थापित करना।

Vision

To improve production, productivity, export and add on value of onion and garlic.

Mission

To promote overall growth of onion and garlic in terms of enhancement of quality production, export and processing.

Mandate

- To act as a repository of genetic resources and scientific information of onion and garlic
- To undertake basic and applied research for enhancing production and productivity of onion and garlic
- To undertake strategic research for technology development and production of quality seed of onion and garlic
- To promote utilisation and development of value added products through processing and post-harvest management practices
- To disseminate technology, provide advisory and consultancy services and promote entrepreneurship
- To develop linkages with national, international and private organisations in network mode for collaborative research programmes

संगठन रूपरेखा
Organogram



प्रगति प्रतिवेदन
Progress Report
फसल सुधार
Crop Improvement

परियोजना 1 : *एलियम* प्रजातियों के आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण, लक्षणवर्णन एवं उपयोग

प्याज व लहसुन के सक्रिय राष्ट्रीय जननद्रव्य स्थल के रूप में भाकृअनुप–प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय द्वारा कृष्ट तथा वन्य *एलियम* का अन्वेषणों के माध्यम से संकलन तथा आनुवंशिक विविधता व महत्वपूर्ण गुणों के अध्ययन कार्य को मजबूती प्रदान करना जारी रखा गया। रिपोर्टाधीन वर्ष में किए गए कार्य यहां प्रस्तुत हैं :

लेह व लद्दाख से *एलियम* प्रजातियों का संकलन

खरीफ के दौरान लहसुन की बेमौसम खेती के लिए, चौरासी श्रेष्ठ वंशक्रमों का तुलनात्मक मूल्यांकन सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा पर्पल के साथ किया गया। सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म (1.01 टन/हे.) की अपेक्षा वंशक्रम सीओएल–पीबी–15–ईएल (1.86 टन/हे.) और एसीसी–321–बीआर–ईएल (1.46 टन/हे.) में उल्लेखनीय रूप से उच्चतर उपज दर्ज की गई।

चयन अथवा उत्परिवर्तन के माध्यम से विकसित लहसुन के अठहत्तर श्रेष्ठ वंशक्रमों का मूल्यांकन रबी मौसम में किया गया और तीन वंशक्रमों यथा सीओएल–पीबी–05–ईएल, पीबी–15 जीवाई मट ईएल एवं गोदावरी 1 जीवाई मट ईएल में उल्लेखनीय रूप से कहीं उच्चतर कुल उपज हासिल की गई जो कि 6.65 से 7.25 टन/हे. के बीच थी जबकि तुलनीय किस्म भीमा ओमकार की उपज 6.46 टन/हे. थी। वंशक्रम एसीसी–एम–15 ईएल में कुल घुलनशील ठोस पदार्थ अंश (41.34 प्रतिशत) सबसे ज्यादा था जबकि पांच वंशक्रमों में इसकी मात्रा तुलनीय किस्म (38.04 प्रतिशत) के समतुल्य थी।

लहसुन में सोमाक्लोनल विविधता

लहसुन की भीमा ओमकार, भीमा पर्पल तथा जी–41 प्रत्येक किस्म के लिए उत्प्रेरित कैली से लगभग 100 पादपफुदके पुन:उत्पादित किए गए। इन पादपफुदकों को विविधता का सृजन करने हेतु उत्परिवर्तजन होने पर 700 तक बहुगुणित किया गया

Five hybrids were evaluated in *kharif* along with respective parents. Hy-W-16 recorded 19.34% heterosis and Hy-W-3 recorded 0.91% heterosis over respective parents for marketable yield. But none was better than check variety Bhima Shubhra.

Breeding for improved garlic varieties

Evaluation of elite garlic lines

For off season cultivation of garlic during *kharif,* eighty-four elite lines were evaluated along with check Bhima Purple. Lines COL-PB-15-EL (1.86 t/ha) and ACC-321-BR-EL (1.46 t/ha) yielded significantly higher than the check (1.01 t/ha).

Seventy-eight elite lines of garlic developed through selection or mutations were evaluated during *rabi* season and three lines viz. COL-PB-05 EL, PB 15 GY MUT EL and Godavari 1 GY Mut EL gave significantly higher total yield, which ranged from 6.65 to 7.25 t/ha as compared to 6.46 t/ha in Bhima Omkar. Percent total soluble solids was highest (41.34%) in line ACC-M-15 EL and in five lines it was at par with the check (38.04%).

Somaclonal variation in garlic

Nearly 100 plantlets for each of garlic varieties Bhima Omkar, Bhima Purple and G-41 were regeranated from induced calli. These plantlets were multiplied to 700 for subjecting to mutagenesis for creating variation (Figure 2.3).

चित्र 2.3 : लहसुन में कैलस अथवा किण के माध्यम से पुन:उत्पादित बहुगुणित पादपफुदके
Figure 2.3: Multiplied plantlets regenerated through callus in garlic

(चित्र 2.3)।

लहसुन में पुष्प उत्प्रेरण

सामान्य तौर पर लहसुन एक वंध्य पौधा है जिसमें लघु प्रदीप्तिकाल अथवा प्रदीप्ति दिवस में पुष्प नहीं आते। इसलिए इसका प्रवर्धन शाकीय रूप से किया जाता है। लहसुन की लैंगिक वंध्यता इसके आनुवंशिक सुधार को सीमित करती है। अत: लहसुन में पुष्प उत्प्रेरण पर अध्ययन की पहल की गई। बढ़वार तथा पुष्प आनुवंशिकी पर प्रदीप्तिकाल तथा भण्डारण तापमान के प्रभावों का व्यापक अध्ययन करना जरूरी होता है। इस संदर्भ में, रबी मौसम के दौरान लहसुन की दो किस्मों नामत: भीमा पर्पल एवं गडग लोकल के साथ वर्तमान अध्ययन किया गया। लहसुन के कंदों को 50 दिनों तक राजगुरूनगर में तीन विभिन्न तापमान अवस्थाओं यथा 4^0 सेल्सियस, 33^0 सेल्सियस एवं कक्ष तापमान पर भण्डारित किया गया। भण्डारण के उपरान्त लहसुन की कलियों को दो पुनरावृतियों में प्रति उपचार 30 पौधे के अनुपात में खेत में रोपा गया। पौध रोपण के 30 दिन पश्चात् पौधों को दीर्घ प्रदीप्तिकाल (9 घंटे का दिवस प्रकाश एवं तदुपरान्त 400 वॉट के एलईडी लैम्प का इस्तेमाल करके 4 मायक्रोमोल एम.$^{-2}$ एस.$^{-1}$ पीएआर के प्रकाश की 10 घंटे तक अनुपूर्ति) एवं जीए$_3$ उपचार दिया गया। उपचारों में शामिल थे : टी–1 : दीर्घ प्रदीप्तिकाल; टी–2 : जीए$_3$ 100 पीपीएम; टी–3 : जीए$_3$ 200 पीपीएम; टी–4 : दीर्घ प्रदीप्तिकाल .जीए$_3$ 100 पीपीएम; टी–5 : दीर्घ प्रदीप्ति काल .जीए$_3$200 पीपीएम; तथा टी–6 : नियंत्रण। पौध रोपण के 30, 45 एवं 60 दिन पश्चात् जीए$_3$ छिड़काव से अनुपूरित 60 दिन तक लगातार दीर्घ प्रदीप्तिकाल के उपरान्त गडग लोकल में पुष्पीय तना जैसी संरचना पाई गई (चित्र 2.3)। शीत भंडार गृहों से लिए गए कंदों से तैयार पौधों में ऐसी संरचना का विकास देखने को नहीं मिला। दीर्घ प्रदीप्तिकाल के साथ 200 पीपीएम की सान्द्रता पर जीए$_3$ का पर्णीय छिड़काव करने से पौध रोपण के 60 दिन पश्चात् पुष्पीय तना की अगेती शुरूआत उत्प्रेरित हुई जबकि इसके उपरान्त दीर्घ प्रदीप्तिकाल के साथ 100 पीपीएम की सान्द्रता पर जीए$_3$ का पर्णीय छिड़काव करने से पौध रोपण के 68 दिन पश्चात् पुष्पीय तना की अगेती शुरूआत उत्प्रेरित हुई । दीर्घ प्रदीप्तिकाल के बिना 200 पीपीएम की सान्द्रता पर जीए$_3$ का पर्णीय छिड़काव करने से पौधों में पुष्पीय तना जैसी संरचना की घटी हुई संख्या एवं विलम्ब देखने को मिला। इसके विपरीत, केवल प्रदीप्तिकाल उपचार पौधों में ऐसी पुष्पीय संरचना उत्प्रेरित करने में असफल रहा। इसके अतिरिक्त, गडग लोकल की तुलना में भीमा पर्पल में कहीं अधिक शाकीय वृद्धि पाई गई। परिणामों से पता चला कि भण्डारण तापमान का लहसुन के पुन:उत्पादित भागों के विकास पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है और यह पौधे के शाकीय बनाम पुन:उत्पादित व्यवहार को संशोधित करने में एक प्रमुख भावी साधन के रूप में कार्य कर सकता है।

Flower induction in garlic

Garlic is commonly a sterile plant and does not flower under short days. Hence it is propagated vegetatively. The sexual sterility of garlic limits its genetic improvement. Hence, studies on flower induction in garlic were initiated. A thorough understanding of effect of photoperiod and storage temperature on growth and florogenesis is required. In this context, the present study was conducted with two garlic varieties namely, Bhima Purple and Gadag Local in *rabi*. Garlic bulbs were stored at three different temperature 4°C, 33°C and room temperature at Rajgurunagar for 50 days. After storage the cloves were planted in field, 30 plants per treatment in two replications. On 30th day after planting (DAP) plants were subjected to long day photoperiod (9 hours day light followed by 10 hours supplemented light of 4 µmol m^{-2} s^{-1} PAR using LED lamps of 400W) and GA3 treatment. The treatments were: T1: long day photoperiod, T2: GA_3 100 ppm, T3: GA_3 200 ppm, T4: long day photoperiod + GA_3 100 ppm, T5: long day photoperiod + GA_3 200 ppm, and T6: Control. After 60 days of continuous long day photoperiod supplemented with GA_3 spray on 30, 45 and 60 DAP, floral stem like structure was observed in Gadag Local (Figure 2.3). The plant raised from cold stored bulbs did not develop such structures. Foliar spray of GA_3 200 ppm with long day photoperiod induced early initiation of floral stem (60 DAP) followed by 100 ppm (68 DAP). Delayed and reduced number of floral stem like structures were found in the plants with only 200 ppm GA_3 spray without long day photoperiod condition. In contrast, plants with only photoperiod treatment failed to induce such floral structures. Additionally, Bhima Purple had more vegetative growth in comparison to Gadag Local. The result thus indicate that storage temperature has a strong influence on the development of garlic reproductive parts and may act as a major future tool for modifying plant's vegetative *vs.* reproductive behaviour.

चित्र 2.4 : लहसुन 'गडग लोकल' में पुष्पीय तना जैसी संरचना का विकास
Figure 2.4: Development of floral stem like structure in garlic 'Gadag Local'

प्याज में सुधार के लिए जैव–प्रौद्योगिकीय युक्तियां

प्याज में अगुणित का विकास

दस किस्मों (तालिका 2.11) में अगुणित का समावेशन करने के लिए पुष्पीय कली संवर्धन किया गया, 246 पौधों को पुन:उत्पादित किया गया और इनमें से 157 पौधों को फ्लोसाइटोमीटर द्वारा अगुणिता के लिए जांचा गया (तालिका 2.12)। नब्बे पौधों में अगुणित की पुष्टि की गई। इन पौधों को 24 घंटों के लिए 0.25

Biotechnological approaches for improvement of onion

Development of haploids in onion

For induction of haploids in ten varieties (Table 2.11) flower bud culture was done, 246 plants were regenerated and 157 of these were tested for haploidy by flowcytometer (Table 2.12). Ninety plants were confirmed to be haploids. These were

तालिका 2.11 : जायाजनन द्वारा अगुणित का सृजन
Table 2.11: Generation of haploids by gynogenesis

किस्म Variety	संवर्धित पुष्प कलियों की संख्या Number of flower buds cultured	पुनर्जनित प्ररोह की संख्या No. of shoots regenerated
एग्रीफाउण्ड रोज/Agrifound Rose	1152	60
अर्का कीर्तिमान/Arka Kirthiman	1024	9
अर्का लालिमा/Arka Lalima	495	-
भीमा किरन /Bhima Kiran	2535	93
भीमा राज /Bhima Raj	760	23
भीमा शक्ति /Bhima Shakti	1320	10
भीमा श्वेता /Bhima Shweta	1550	39
भीमा शुभ्रा/Bhima Shubhra	520	2
एमएसए–3/MSA-3	356	1
एन–2–4–1/N-2-4-1	352	9
कुल /Total		**246**

mM कोल्चीसिन से उपचारित किया गया और वसूली के लिए बी–5 आधारीय मीडिया पर बढ़ने दिया गया। 90 पौधों में से 75 पौधे कोल्चीसिन उपचार से उत्तरजीवी बने रहे। एन–2–4–1, एग्रीफाउण्ड रोज़ तथा भीमा राज के तीन दोगुने अगुणित पौधे कठोर होकर उत्तरजीवी बने रहे और गमलों में हैं। पिछले सीजन के तीन दोगुने अगुणित पौधों को बीज उत्पादन और संकरण के लिए खेत में रोपा गया।

treated with 0.25 mM colchicine for 24 hours and allowed to grow on B5 basal media for recovery. Out of 90 plants 75 survived colchicine treatment. Three doubled haploid plants of N-2-4-1, Agrifound Rose and Bhima Raj survived hardening and are in pots. Three doubled haploids from the past season were planted in the field for seed production and crossing.

तालिका 2.12 : जायाजनन पौधों का गुणितता विश्लेषण

Table 2.12: Ploidy analysis of gynogenic plants

किस्म Variety	जांचे गए पौधों की संख्या Number of plants tested	अगुणित पौधे Haploid plants
एएफआर/AFR	34	19
अर्का कीर्तिमान/Arka Kirthiman	04	0
भीमा किरन/Bhima Kiran	46	33
भीमा राज/Bhima Raj	12	11
भीमा शक्ति /Bhima Shakti	06	4
भीमा श्वेता/Bhima Shweta	13	7
एन–2–4–1/N-2-4-1	42	16

एसएसआर चिन्हों का उपयोग करके समयुग्मजता के लिए प्याज की अंत: प्रजात किस्मों का मूल्यांकन

एसएसआर चिन्हों के साथ नौ दोगुने अगुणित वंशक्रमों (पैतृक एन–2–4–1, एग्रीफाउण्ड रोज़, भीमा किरन सहित) का समयुग्मजता के लिए मूल्यांकन किया गया। पैतृकों में चिन्हों को पृथक करने हेतु तीन वंशक्रमों की पुष्टि समयुग्मज के रूप में की गई (चित्र 2.5)। शेष वंशक्रम पैतृक वंशक्रम में एकलरूपीय थे और इनकी समयुग्मजता का परीक्षण अतिरिक्त चिन्हों के साथ किया जाए।

Evaluation of onion inbreds for homozygosity using SSR markers

Nine doubled haploid lines (parents N-2-4-1, Agrifound Rose, Bhima Kiran) were evaluated for homozygosity with SSR markers. Three lines were confirmed to be homozygous for segregating markers in parents (Figure 2.5). Rest of the lines were monomorphic in parental line and homozygosity has to be tested with additional markers.

उत्स्फुटन के लिए एफ$_2$ संख्या का मूल्यांकन

कंद संघ में उत्स्फुटन विशेषताओं का मानचित्रण करने के लिए एग्रीफाउण्ड रोज़ तथा भीमा किरन का संकरण कराया गया और एफ$_2$ संख्या तैयार की गई। इस संख्या (94 पौधों) की प्रोफाइलिंग इनके पैतृकों के साथ एसएसएपी चिन्हों के साथ की गई। सॉफ्टवेयर जीनमैपर 5.0 का उपयोग करके लगभग 800 बहुरूपीय विखण्डनों की स्कोरिंग की गई। चिन्ह सम्बद्धता के लिए Proc btl कार्यविधि का उपयोग करके समलक्षणी आंकड़ों के साथ इनका विश्लेषण किया गया। पाँच सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को तालिका 2.13 में सूचीबद्ध किया गया है। सूचीबद्ध चिन्हों में अगेती उत्स्फुटन विशेषता की सम्बद्धता की संभावना के संकेत मिलते हैं और संभाव्यता से सम्बद्धता के महत्व का पता चलता है।

Evaluation of F_2 population for bolting

In order to map bolting trait in bulb onion, varieties Agrifound Rose and Bhima Kiran were crossed and F_2 population was raised. This population (94 plants) was profiled with SSAP markers along with its parents. Around 800 polymorphic fragments were scored using software Genemapper 5.0. These along with phenotypic data were analysed using proc btl procedure for marker association. Five best options are listed in Table 2.13. The listed marker indicates likelihood of association with early bolting trait and probability indicates the significance of association.

तालिका 2.13 : PROC BTL कार्यविधि के आधार पर उत्स्फुटन के साथ सम्बद्ध एसएसएपी चिन्ह
Table 2.13: SSAP markers associated with bolting based on PROC BTL procedure

चिन्ह प्रभाव Marker Effect	डीएफ DF	चाई–स्क्वेयर Chi-Square	पीआर झचाई स्क्वेयर Pr > ChiSq	एआईसी AIC	एआईसीसी AICC	बीआईसी BIC
एम 215 M215	0	–	–	129.5	129.6	134.5
एम 742 M742	1	12.6349	0.0004	119.9	120.1	127.5
एम 751 M751	1	12.6349	0.0004	119.9	120.1	127.5
एम 452 M452	1	11.6666	0.0006	120.8	121.1	128.4
एम 160 M160	1	11.6666	0.0006	120.8	121.1	128.4

एआईसी : एकैक सूचना मानदण्ड; एआईसीसी : सटीक नमूना आकार के लिए सुधार के साथ एकैक सूचना मानदण्ड; बीआईसी : बायेसियन सूचना मानदण्ड

AIC: Akaike information criterion; AICC: Akaike information criterion with a correction for finite sample size; BIC: Bayesian information criterion

अंकुरण गुणों के लिए मानचित्रण जनसंख्या का सृजन

भण्डारण के दौरान प्याज के कंदों में अंकुरण होने से व्यापक नुकसान उठाना पड़ता है। अंकुरण गुणों का मानचित्रण करने के लिए पछेती अंकुरण तथा अगेती अंकुरण वाली किस्मों का संकरण कराया गया ताकि मानचित्रण जनसंख्या का सृजन किया जा सके। मानचित्रण संख्या वर्तमान में एफ$_2$ अवस्था में है।

मैन्टेनर वंशक्रमों के पृथक्करण हेतु एमएस–लोकस के लिए चिन्ह सहायतार्थ चयन (एमएएस)

प्याज में, कोशिकाद्रव्यी जननीय नर वंध्यता (सीएमएस) प्रणाली दो प्रकार की होती है–सीएमएस–एस कोशिकाद्रव्य तथा

Raising of mapping population for sprouting

Sprouting is one of the major losses that occur during storage of onion bulbs. In order to map sprouting trait, late sprouting and early sprouting varieties were crossed to generate mapping population. The mapping population is currently in F_2 stage.

Marker assisted selection (MAS) for *ms*-locus for isolation of maintainer lines

In onion cytoplasmic–genic male sterile (CMS) systems are of two types namely CMS–S cytoplasm

डीओजीआर–651–सेल (25.34 प्रतिशत) में एवं तदुपरान्त क्रमश: डीओजीआर–1603 (28.16 प्रतिशत), भीमा किरन (28.48 प्रतिशत) व भीमा शक्ति (29.21 प्रतिशत) में दर्ज की गई।

खरीफ के दौरान, सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा सुपर (24.08 टन/हे.) के साथ तुलना करने पर रेड जीनपूल–5 (32.72 टन/हे.), सी–6–केएम–4 (31.84 टन/हे.), आर–केएच–एम–3 (29.66 टन/हे.), सी 6–केएम–3(28.84 टन/हे.) एवं रेड जीनपूल–2 (28.53 टन/हे.) में कहीं उच्चतर उपज दर्ज की गई। इन वंशक्रमों में 60 ग्राम का औसत कंद भार, 85 प्रतिशत विपणन योग्य उपज थी और ये तोर वाले कंदों से मुक्त थे जबकि इनमें जोड़ वाले कंदों की संख्या 5 प्रतिशत से भी कम थी।

अखिल भारतीय प्याज एवं लहसुन अनुसंधान नेटवर्क परियोजना परीक्षणों में प्रारंभ किए गए आरजीपी–1 एवं आरजीपी–2

आरजीपी–1 रबी मौसम के लिए उपयुक्त है और इसके कंद पतली ग्रीवा के साथ मध्यम लाल रंग के सपाट गोलाकार होते हैं। इसमें जोड़ व तोर वाले कंदों से मुक्त एकसमान आकार के कंद उत्पन्न हुए। दो वर्षो में इसकी औसत विपणन योग्य उपज 32.86 टन/हे. थी जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा शक्ति (27.96 टन/हे.) के मुकाबले 17.5 प्रतिशत ज्यादा थी। इसके कंदों का औसत भार 64.32 ग्राम था। इस फसल की खुदाई पौध रोपण के 118 दिनों पश्चात् की जा सकती है और इसकी भण्ड़ारण क्षमता भी अच्छी है (तालिका 2.1, चित्र 2.1)।

आरजीपी–2 भी रबी मौसम के लिए उपयुक्त है। इसके कंद पतली ग्रीवा के साथ गहरे लाल रंग के गोलाकार व एकसमान होते हैं। दो वर्षो में इसकी औसत विपणन योग्य उपज 36.92 टन/हे. थी जो कि सर्वश्रेष्ठ तुलनीय किस्म भीमा शक्ति (27.96 टन/हे.) के मुकाबले 32 प्रतिशत ज्यादा थी। यह जोड़ व तोर वाले कंदों से मुक्त थी। इसके कंदों का औसत भार 72.44 ग्राम था। इस फसल की खुदाई पौध रोपण के 116 दिनों पश्चात् की जा सकती है और इसकी भण्ड़ारण क्षमता भी अच्छी है (तालिका 2.1, चित्र 2.1)।

loss after four months of storage was in DOGR-651-Sel (25.34%) followed by DOGR-1603 (28.16%), Bhima Kiran (28.48%) and Bhima Shakti (29.21%).

During *kharif*, Red Genepool-5 (32.72 t/ha), C6-KM-4 (31.84 t/ha), R-KH-M-II (29.66 t/ha), C6-KM-3 (28.84 t/ha) and Red Genepool-2 (28.53 t/ha) yielded higher than check Bhima Super (24.08 t/ha). These lines had more than 60 g average bulb weight, 85% marketable yield, and were free of bolters with less than 5% doubles.

RGP-1 and RGP-2 introduced in AINRPOG trial

RGP-1 is suitable for *rabi* season and its bulbs are flat-globe and medium red with thin neck. It produced uniform bulbs free of doubles and bolters. Its average marketable yield in two years was 32.86 t/ha which was 17.5% higher than the best check Bhima Shakti (27.96 t/ha). Average bulb weight was 64.32 g. It could be harvested in 118 days after transplanting and is good in storage (Table 2.1, Figure 2.1).

RGP-2 is also suitable for *rabi* season. Its bulbs are uniform, globe and dark red with thin neck. This line had 36.92 t/ha average marketable yield in two years, which was 32% higher than the best check Bhima Shakti (27.96 t/ha). It was free of doubles and bolters. The average bulb weight was 72.44 g. This line could be harvested in 116 days after transplanting and has good storability (Table 2.1, Figure 2.1).

चित्र 2.1 : एआईएनआरपीओजी में प्रारंभ किए गए प्याज वंशक्रम
Figure 2.1: Onion lines introduced in AINRPOG

सीएमएस–टी कोशिकाद्रव्य। हालांकि, अपनी सरल वंशागति एवं स्थिरता के कारण सीएमएस–एस कोशिकाद्रव्य प्रणाली का उपयोग एफ$_1$ संकर विकास में व्यापक रूप से किया जाता है। आणविक चिन्ह ओआरएफ 725 द्वारा सीएमएस–एस तथा सामान्य कोशिकाद्रव्यी जीनप्ररूपों में भिन्नता की जा सकती है। इस चिन्ह का प्रमाणन लघु प्रदीप्तिकाल प्याज एमएस . वंशक्रमों नामत: *एमएस* –48ए, *एमएस*–65ए, *एमएस* –1600ए, *एमएस* –111ए, *एमएस* –222ए तथा *एमएस*–100ए में किया गया (चित्र 2.6)। इसका उपयोग मैन्टेनर वंशक्रमों के विकास हेतु *एमएस–लोकस* के चिन्ह सहायतार्थ चयन (एमएएस) के लिए किया जा रहा है।

and CMS–T cytoplasm. However, CMS–S cytoplasm is widely used for F_1–hybrid development, because of its simple inheritance and stability. The CMS–S and normal cytoplasmic genotypes could be differentiated by molecular marker orf725. This marker was validated in short–day onion *ms*–lines namely *ms*–48A, *ms*–65A, *ms*–1600A, *ms*–111A, *ms*–222A and *ms*–100A (Figure 2.6). It is being used for marker assisted selection (MAS) of *ms*–locus for the development of maintainer lines.



चित्र 2.6 : चिन्ह ओआरएफ 725 के प्रवर्धन द्वारा प्याज के सीएमएस–एस (प्रवर्धित स्पेसर) तथा सामान्य कोशिकाद्रव्य (गैर प्रवर्धित स्पेसर) के बीच भिन्नता

Figure 2.6: Differentiation of CMS-S type (amplified spacer) from normal cytoplasm (not amplified spacer) of onion by amplification of marker *orf* 725

फसल उत्पादन
Crop Production

परियोजना 3 : प्याज एवं लहसुन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए समेकित जल एवं पोषक तत्व प्रबंधन तथा शरीरक्रिया में बदलाव

प्याज तथा लहसुन के उत्पादन एवं उत्पादकता में और बढ़ावा किया जा सकता है यदि आनुवंशिक सुधार के साथ उन्नत उत्पादन विधियों को अपनाया जाए। इस परियोजना के तहत इस दिशा में कार्य किया गया जिसमें उर्वरक समय–सारणी, स्वस्थ लहसुन प्रवर्ध्य का उत्पादन, प्याज में सीधी बीजाई और जल अल्पता में प्याज की शरीरक्रियाविज्ञान अनुक्रिया शामिल थी। हासिल परिणामों को यहां प्रस्तुत किया गया है जिनकी पुष्टि वैध सिफारिशों को विकसित करते समय पुन: की जाएगी।

प्याज में सीधी बीजाई

पारम्परिक रूप से प्याज को पौध की रोपाई करके उगाया जाता है। हालांकि, मजदूरों की कमी और पौध–रोपण की अधिक लागत के कारण किसान प्याज की सीधी बीजाई करने के प्रति उत्सुक हो रहे हैं। बीजों का छितराव करके अथवा सीड़ ड्रिल का उपयोग करके सीधी बीजाई की जाती है। चूंकि कंदों का अच्छा आकार पाने के लिए पंक्तियों के बीच तथा पंक्तियों के अन्दर उपयुक्त फासला बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है, इसलिए सीड़ ड्रिल का उपयोग बढ़ता जा रहा है। सीधी बोई गई फसलों के साथ रोपाई वाली फसलों का तुलनात्मक विवरण नीचे प्रस्तुत है।

रबी

रोपाई वाली फसल के साथ न्यूमैटिक ड्रिल, स्थानीय ड्रिल (हाथ से चालित) और छितराव का उपयोग करके सीधी बुवाई की तुलना की गई। उपरोक्त सीड़ ड्रिल का उपयोग करते हुए किस्म भीमा किरन के बीजों को दिनांक 30.10.2014 को बोया गया। उसी दिन पौध–रोपण के लिए पौधशाला में बुवाई की गई। 45 दिनों के पश्चात् पौध की रोपाई की गई। परीक्षण को तीन पुनरावृतियों में यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन (आरबीडी) में आजमाया गया। रोपाई की गई फसल के मुकाबले सीधी बुवाई वाली फसल 15 दिन पहले परिपक्व हुई। न्यूमैटिक ड्रिल, छितराव एवं पौध–रोपण का उपयोग करके तैयार फसलों में कुल उपज के संदर्भ में कोई उल्लेखनीय

Project 3: Integrated water and nutrient management and physiological manipulation for improving productivity of onion and garlic

The production and productivity of onion and garlic can be further increased if genetic improvement is supplemented with improved production practices. This project undertook studies in this direction, which included fertilizers scheduling, production of healthy garlic propagules, direct seeding in onion, and physiological response of onion to water-deficit. The results obtained are presented here, which will be confirmed further to develop valid recommendations.

Direct sowing in onion

Traditionally, onion is grown by transplanting seedlings. However, due to labour shortage and high cost of transplanting farmers are showing interest in direct seeding of onion. Direct seeding can be practiced by broad casting or by using seed drills. As the spacing between and within the rows is important for getting good size of bulbs, the use of seed drills is gaining importance. Comparison of transplanted crop with direct sown crops is reported below.

Rabi

Direct sowing using pneumatic drill, local drill (hand operated) and broad casting was compared with transplanted crop. Seeds of cv. Bhima Kiran were sown on 30/10/2014 using above mentioned seed drills. On the same day nursery was also sown for transplanting. After 45 days, the seedlings were transplanted. The trial was laid in RBD with three replications. Direct sown crop matured 15 days earlier than the transplanted crop. No significant difference was observed for total yield in crops

भिन्नता देखने को नहीं मिली। लेकिन रोपाई की गई फसल की तुलना में न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल की मदद से तैयार फसल में ए ग्रेड वाले कंदों की उपज उल्लेखनीय रूप से कहीं ज्यादा पाई गई।

raised using pneumatic drill, broad casting and transplanting. But yield of A grade bulbs was significantly higher in crop from pneumatic seed drill than the transplanted crop.

तालिका 3.1 : सीधी बीजाई एवं रोपाई वाली फसलों में कंदीय उपज

Table 3.1: Bulb yield in direct seeded and transplanted crops

रोपण विधि Planting method	ए ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) A grade bulbs (t/ha)	बी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) B grade bulbs(t/ha)	सी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) C grade bulbs(t/ha)	कुल उपज (टन/हे.) Total yield (t/ha)
न्यूमैटिक ड्रिल/Pneumatic drill	5.72[a]	3.94[b]	2.29[b]	11.94[a]
स्थानीय ड्रिल/Local drill	3.69[ba]	2.42[b]	1.42[b]	7.53[b]
छितराव/Broadcasting	3.89[ba]	3.09[b]	1.82[b]	8.80[a]
रोपाई/Transplanting	2.00[b]	8.31[a]	3.79[a]	14.10[a]
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)	2.34	3.83	1.47	6.45

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंगलूरू द्वारा विकसित की गई एक अतिरिक्त सीड़ ड्रिल के साथ अध्ययन को दोहराया गया। इसके लिए दिनांक 26.11.2014 को बुवाई की गई। अन्य विधियों द्वारा उगाई गई फसलों के मुकाबले न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल का उपयोग करके उगाई गई फसल में उल्लेखनीय रूप से कहीं अधिक कुल उपज पाई गई। वहीं स्थानीय सीड़ ड्रिल का उपयोग करने पर उल्लेखनीय रूप से कम उपज हासिल हुई। भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान ड्रिल एवं न्यूमैटिक ड्रिल का उपयोग करके उगाई गई फसल में ए ग्रेड़ के कंदों की उपज उल्लेखनीय रूप से कहीं ज्यादा थी (तालिका 3.2)।

The study was repeated with an additional seed drill developed by IIHR, Bengaluru. For this sowing was done on 26/11/2014. Significantly high total yield was observed in crop raised using pneumatic seed drill than in crops raised by other methods. Significantly low yield was observed in crop raised using local seed drill. Yield of A grade bulbs were significantly higher in crop raised using IIHR drill and pneumatic drill (Table 3.2).

तालिका 3.2 : सीड़ ड्रिल एवं पौध–रोपण का उपयोग करके फसलों में कंदीय उपज

Table 3.2: Bulb yield in crops raised using seed drills and transplanting

रोपण विधि Planting method bulbs (t/ha)	ए ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) A grade bulbs(t/ha)	बी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) B grade bulbs(t/ha)	सी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) C grade (t/ha)	कुल उपज (टन/हे.) Total yield (t/ha)
रोपाई /Transplanting	0.00[b]	4.46[a]	1.76[ba]	6.22[b]
आईआईएचआर ड्रिल/IIHR drill	1.94[a]	2.44[b]	1.31[b]	5.69[b]
न्यूमैटिक ड्रिल/Pneumatic drill	1.67[a]	4.28[a]	2.85[a]	8.80[a]
स्थानीय ड्रिल/Local drill	0.00[b]	0.88[c]	0.57[b]	1.45[c]
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)	0.79	1.41	1.48	2.46

खरीफ

खरीफ मौसम में प्याज की किस्म भीमा सुपर के गैर गुटिका एवं गुटिका बीजों (इन्कोटेक प्रा. लि., गुजरात द्वारा 1 : 2.2 अनुपात में लेप विधिद्वारा तैयार की गई गुटिका) को न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल का उपयोग करके बोया गया और इसकी तुलना संबंधित रोपाई वाली फसलों के साथ की गई। बीजों को यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में चार पुनरावृतियों में दिनांक 14.07.2015 को बोया गया। इसी दिन पौध रोपण के लिए पौधशाला में भी बुवाई की गई और 45 दिन पुरानी पौध की रोपाई की गई। गुटिका एवं गैर–गुटिका बीजों वाली फसलों में उपज के मामले में कोई विशेष अन्तर देखने को नहीं मिला। न्यूमैटिक ड्रिल तथा रोपाई वाली फसलों के बीच कुल उपज के संबंध में कोई विशेष अंतर नहीं पाया गया। हालांकि, न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल का उपयोग करके उगाई गई फसल में ए ग्रेड़ वाले कंदों की उपज उल्लेखनीय रूप से कहीं ज्यादा थी (तालिका 3.3)।

Kharif

In this season non-pelleted and pelleted seeds (pelleting by Incotech Pvt. Ltd., Gujarat by encrusting method in 1:2.2 ratio) of onion variety Bhima Super were sown using pneumatic seed drill, and compared with respective transplanted crops. Seed sowing was on 14th July, 2015 in four replications in randomized block design. Sowing of nursery for transplanting was also done on this date, and 45 days old seedlings were transplanted. There was no significant difference for yield in crops from pelleted and non-pelleted seeds. No significant difference was observed in the total yield of crop from pneumatic drill and transplanted one. However, yield of A grade bulbs was significantly higher in crop raised using pneumatic seed drill (Table 3.3).

तालिका 3.3 : प्याज की सीधी बुवाई और रोपाई वाली फसलों में गुटिका एवं गैर–गुटिका बीजों के उपज मापदंड
Table 3.3: Yield parameters of pelleted and non-pelleted seeds in direct sown and transplanted onion crops

रोपण विधि Planting method bulbs (t/ha)	ए ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) A grade bulbs(t/ha)		बी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) B grade bulbs (t/ha)		सी ग्रेड वाले कंद (टन/हे.) C grade bulbs (t/ha)		कुल उपज (टन/हे.) Total yield	
	एनपी NP	पी P	एनपी NP	पी P	एनपी NP	पी P	एनपी NP	पी P
न्यूमैटिक ड्रिल का उपयोग करके सीधी बुवाई Direct sowing using pneumatic drill	2.86[a]	2.75[a]	3.33[a]	3.26[a]	2.98[b]	2.92[b]	9.18[a]	8.93[a]
रोपाई/ Transplanting	1.48[b]	1.48[b]	2.72[a]	2.80[a]	5.40[a]	4.06[a]	9.59[a]	8.34[a]
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)	1.17	1.30	1.09	0.79	0.63	0.85	2.61	2.06

एनपी : गैर–गुटिका ; पी : गुटिका NP: Non-pelleted; P: Pelleted

परिणामों से पता चला कि न्यूमैटिक सीड़ ड्रिल के उपयोग से सीधी बीजाई वाली फसल में बड़े कंदों के साथ कहीं उच्चतर उपज थी। यह फसल 15 दिन अगेती भी पककर तैयार हो गई लेकिन सीधी बीजाई वाली फसल में खेत कार्य अवधि कहीं ज्यादा थी क्योंकि रोपाई वाली फसल में प्रारंभिक 45–50 दिन का समय पौधशाला में लगा जहां कि अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्रफल (मुख्य खेत का 1/20वां) की आवश्यकता होती है।

The results show that direct seeded crop using pneumatic seed drill had higher yield with bigger bulbs. This crop also matured 15 days earlier, but the overall field occupation period is higher in direct seeded crop because in transplanted crop for initial 45-50 days crop is in nursery only, for which much smaller area (1/20th of main field) is needed.

जल अल्पता तनाव के लिए प्याज में महत्वपूर्ण बढ़वार अवस्था की पहचान

प्याज फसल को अनेक जैविक तथा अजैविक तनावों का सामना करना पड़ता है जिनसे प्याज की उपज, गुणवत्ता और भण्डारण काल पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके कारण उपज में होने वाली कमी की सीमा हालांकि, केवल तनाव की सघनता पर ही निर्भर नहीं करती वरन् इस दौरान पौधे की बढ़वार अवस्था पर भी निर्भर करती है। इसीलिए जल अल्पता तनाव हेतु सिंचाई अनुसूची के साथ–साथ प्याज के जीनप्ररूपों की स्क्रीनिंग करने में जल अल्पता तनाव की उचित बढ़वार अवस्था (सीजीएस) की पहचान करना महत्वपूर्ण बन गया है। रबी 2014–15 के दौरान तीन पुनरावृतियों के साथ एक पूर्णत यादृच्छिक डिजाइन में प्याज की दो किस्मों नामत: भीमा शक्ति व भीमा किरन के साथ एक परीक्षण किया गया ताकि जल दबाव के लिए महत्वपूर्ण बढ़वार अवस्था की पहचान की जा सके। पांच विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं में 25 दिनों के लिए सिंचाई को रोककर कृत्रिम रूप से जल अल्पता उत्पन्न की गई (तालिका 3.4)। तनाव अवधि के पहले तथा पश्चात् सामान्य सिंचाई अनुसूची का अनुपालन किया गया। कंदीय उपज, कंदीय आकार, आपेक्षिक जल मात्रा (आरडब्ल्यूसी) और क्लोरोफिल मात्रा पर आंकड़े दर्ज किए गए।

Identification of critical growth stage in onion for water-deficit stress

Onion production is constrained by many biotic and abiotic stresses that severely reduce its yield, quality and storage life. Water deficit is a serious stress affecting onion production. The extent of yield reduction due to this, however, depends not only on intensity of water stress but also on the growth stage of plant at which it occurs. Identification of critical growth stage (CGS) for water deficit stress thus becomes important for irrigation scheduling as well as screening onion genotypes for water-deficit stress. During *rabi* 2014-15, a field experiment was conducted in a completely randomized block design with two onion varieties namely, Bhima Shakti and Bhima Kiran in three replications, to identify the critical growth stage for water stress. Water deficit stress was imposed by withholding irrigation for 25 days at five different growth stages (Table 3.4). Normal irrigation schedule was followed before and after the stress period. Data on bulb yield, bulb size, relative water content (RWC) and chlorophyll content were recorded.

तालिका 3.4 : जल तनाव उपचारों का विवरण

Table 3.4: Details for water-stress treatments

उपचार Treatment	तनाव अनुसूची एवं अवधि Stress schedule and duration	बढ़वार अवस्था Growth stage
टी–1 T1	पूरी बढ़वार अवधि में सामान्य सिंचाई (रोपण के 1–20 दिन पश्चात) Normal irrigation throughout growth period (1-20 DAT)	उपचार Control
टी–2 T2	रोपण के 15–40 दिन पश्चात 25 दिनों के लिए तनाव 15 - 40 DAT stress for 25 days	कंद शुरूआत Bulb initiation
टी–3 T3	रोपण के 40–65 दिन पश्चात 25 दिनों के लिए तनाव 40 - 65 DAT stress for 25 days	कंद विकास Bulb development
टी–4 T4	रोपण के 61–86 दिन पश्चात 25 दिनों के लिए तनाव 61 - 86 DAT stress for 25 days	कंद दीर्घीकरण Bulb enlargement
टी–5 T5	रोपण के 86–120 दिन पश्चात तनाव (कटाई तक) 86 - 120 DAT (until harvesting)	कंद परिपक्वता Bulb maturity

दोनों किस्मों में आपेक्षिक जल मात्रा में उल्लेखनीय कमी पाई गई, सामान्य सिंचित फसल में 70–75 प्रतिशत की तुलना में जल अल्पता के तहत पत्ती में जल की मात्रा केवल 60–65 प्रतिशत थी (चित्र 3.1)। अध्ययन की गईं किस्मों में जल अल्पता के अंतर्गत पूरी बढ़वार अवधि के दौरान आपेक्षिक जल मात्रा में कमी पाई गई।

A significant decline in RWC was observed in both the varieties, water content in leaf was only 60-65% under water deficit stress compared to 70-75% in normal irrigated crop (Figure 3.1). The reduction in RWC was observed throughout the growth period under water deficit stress in the studied varieties



चित्र 3.1 : प्याज की दो किस्मों भीमा शक्ति व भीमा किरन के पत्ती नमूनों में आपेक्षिक जल मात्रा (उपचार विवरण तालिका 3.4 में दिया गया है ।)

Figure 3.1: Relative water content in leaf sample of two onion varieties Bhima Shakti and Bhima Kiran (Treatment details in Table 3.4)

पौधे को जब जल की सीमित आपूर्ति की जाती है तब पत्ती सठियाव का होना एक सामान्य घटना होती है। पत्तियों में विद्यमान कुल क्लोरोफिल मात्रा द्वारा पत्ती सठियाव को उचित ढ़ंग से इंगित किया जा सकता है। सामान्य सिंचित परिस्थिति के मुकाबले जल अल्पता दबाव के अंतर्गत विभिन्न बढ़वार अवस्थाओं में क्लोरोफिल मात्रा के लिए दोनों किस्मों में एक उल्लेखनीय कमी देखी गई (चित्र 3.2)। बढ़वार की अन्य अवस्थाओं (40–50 प्रतिशत) के मुकाबले कंद दीर्घीकरण अवस्था के दौरान क्लोरोफिल मात्रा में कमी का प्रतिशत सबसे ज्यादा (63 प्रतिशत) था।

Leaf senescence is the common phenomenon observed in a plant when it is subjected to limited water supply. The leaf senescence rate can be properly indicated by the amount of total chlorophyll present in the leaves. A significant decline was observed in both the varieties for chlorophyll content at different growth stages under water deficit stress in comparison to normal irrigated condition (Figure 3.2). The percent decline was maximum (63%) during bulb enlargement stage in comparison to other growth stages (40-50%).



चित्र 3.2 : प्याज की दो किस्मों भीमा शक्ति व भीमा किरन के पत्ती नमूनों में कुल क्लोरोफिल मात्रा (उपचार विवरण तालिका 3.4 में प्रस्तुत है।)

Figure 3.2: Total chlorophyll content in leaf sample of two onion varieties Bhima Shakti and Bhima Kiran (Treatment details in Table 3.4)



चित्र 3.3 : प्याज की दो किस्मों भीमा शक्ति व भीमा किरन में विपणन योग्य कंदीय उपज (ए बी ग्रेड वाले कंद, टन/हे.) (उपचार विवरण तालिका 3.4 में प्रस्तुत है।)

Figure 3.3: Marketable bulb yield (A + B grade bulbs, t/ha) in two onion varieties Bhima Shakti and Bhima Kiran (Treatment details in Table 3.4)

सिंचित परिस्थितियों के मुकाबले जल अल्पता दबाव के अंतर्गत दोनों किस्मों में कंदीय उपज एवं कंद आकार में कमी का आकलन किया गया। जल अल्पता दबाव के अंतर्गत अन्य बढ़वार अवस्थाओं के मुकाबले कंद दीर्घीकरण अवस्था के दौरान कंदीय उपज (33–35 प्रतिशत) एवं कंद आकार (40–50 प्रतिशत) में कमी पाई गई।

Reduction in bulb yield and bulb size was observed in both the varieties under water- deficit stress compared to irrigated condition. Reduction in bulb yield (33-35%) and bulb size (40-50%) was maximum during bulb enlargement stage in comparison to other growth stages under water-deficit stress.

चित्र 3.4 : प्याज की दो किस्मों भीमा शक्ति व भीमा किरन में कुल कंदीय उपज (टन/हे.) (उपचार विवरण तालिका 3.4 में प्रस्तुत है।)

Figure 3.4: Total bulb yield (tones/ ha) in two onion varieties Bhima Shakti and Bhima Kiran. (Treatment details in Table 3.4)



परिणामों से पता चला कि जल अल्पता दबाव के लिए कंद दीर्घीकरण (पौध रोपण के 61–86 दिन पश्चात्) महत्वपूर्ण बढ़वार अवस्था है जिसके दौरान अन्य बढ़वार अवस्थाओं के मुकाबले प्याज की सामान्य बढ़वार तथा उपज गंभीर रूप से प्रभावित होती है।

The result showed that bulb enlargement (61-86 DAT) is the critical growth stage for water deficit stress during which normal growth and yield of onion get severely affected as compared to other growth stages.

स्व: पात्रे तकनीक से उत्पन्न लहसुन कंदिका की बहि: स्थाने स्थापना का प्रदर्शन

स्व: पात्रे तकनीक से उत्पन्न लहसुन कंदिका का उपयोग करके वायरस मुक्त लहसुन प्रवर्ध्य उत्पन्न करने के लिए उनके प्रदर्शन का अध्ययन एक नेटहाउस में किया गया। स्व: पात्रे में उत्पन्न लहसुन की कंदिका को भार के आधार पर चार ग्रेड़ों नामत: ए, बी, सी एवं डी में वर्गीकृत किया गया (चित्र 3.5)। वर्ष 2014–15 के रबी मौसम

Performance of *ex-vitro* established *in-vitro* produced garlic bulbils

In order to produce virus-free garlic propagules using in-vitro produced bulbils, their performance was studied in a net house. In vitro produced bulbils of garlic were classified into four grades namely A, B, C and D based on weight (Figure 3.5). These were planted in an insect-proof naturally

के दौरान पांच पुनरावृतियों में एक पूर्णत: यादृच्छिक डिजाइन में एक कीटरोधी एवं प्राकृतिक रूप से हवादार नेटहाउस में इन्हें रोपा गया। परिणामों (तालिका 3.5) से प्रदर्शित हुआ कि छोटे आकार की कंदिका (सी एवं डी ग्रेड़) वाले पौधों की तुलना में बड़े आकार वाली कंदिका (ए एवं बी ग्रेड़) से उत्पन्न पौधों में प्ररोह लंबाई, कंदों का ध्रुवीय एवं अक्षीय व्यास उल्लेखनीय रूप से कहीं ज्यादा था (तालिका 3.5)। इन गुणों के लिए प्रदर्शन के संबंध में ए तथा बी ग्रेड़ वाली कंदिका एक–दूसरे के समतुल्य थीं। सी एवं डी ग्रेड़ वाली कंदिका से उत्पन्न पौधों के मुकाबले ए एवं बी ग्रेड़ वाली कंदिका से उत्पन्न पौधों के तने कहीं अधिक मोटे थे। अन्य ग्रेड़ वाली कंदिका के मुकाबले ए ग्रेड़ वाली कंदिका से उत्पन्न पौधों में कंद का भार कहीं ज्यादा था।

ventilated net house in a completely randomized design with five replications during 2014-15 rabi season. Results (Table 3.5) showed that shoot length, polar and equatorial diameters of bulbs were significantly higher in plants raised from bigger bulbils (A and B grades) than of plants from smaller bulbils (C and D grades). A and B grades bulbils were at par with each other with regard to performance for these characters. Stems of plants from A and B grades bulbils were significantly thicker than those from C and D grades bulbils. Bulb weight from plants raised from A grade bulbils was significantly higher than from other grades.

तालिका 3.5 : नेटहाउस में विभिन्न ग्रेड वाली स्व: पात्रे कंदिका से तैयार फसल का प्रदर्शन

Table 3.5: Performance of crop raised from in-vitro bulbils of different grades in a net house

कंदिका आकार Bulbil Size	प्ररोह की लंबाई (सेमी.) Shoot Length(cm)			तने की परिधि (मिमी.) Stem Girth (mm)			व्यास (मिमी.) Polar Diameter (mm)	व्यास (मिमी.) Equatorial Diameter (mm)	का भार (ग्राम) Bulb Weight (g)
	पौध रोपण के 45 दिन पश्चात 45 DAT	पौध रोपण के 75 दिन पश्चात 75 DAT	पौध रोपण के 105 दिन पश्चात 105 DAT	पौध रोपण के 45 दिन पश्चात 45 DAT	पौध रोपण के 75 दिन पश्चात 75 DAT	पौध रोपण के 105 दिन पश्चात 105 DAT			
ए ग्रेड (> 1 ग्राम) A grade (> 1 g)	13.08	21.75	23.37	1.64	1.96	2.14	11.47	13.34	1.54
बी ग्रेड (500 मिग्रा–1 ग्राम) B grade(500 mg - 1g)	12.65	19.22	23.03	1.54	1.56	1.80	11.29	12.10	1.23
सी ग्रेड़ (250–500 मिग्रा.) C grade (250-500 mg)	12.20	18.85	20.55	1.39	1.50	1.64	8.14	9.11	0.56
डी ग्रेड़ (< 250 मिग्रा.) D grade (< 250 mg)	10.05	15.37	17.23	1.17	1.48	1.53	7.18	8.13	0.38
एस.ई ± S.E. ±	0.75	0.69	0.91	0.10	0.09	0.07	0.56	0.66	0.08
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)	2.22	2.05	2.69	0.28	0.26	0.21	1.66	1.94	0.23
सी.वी. प्रतिशत C.V. %	15.37	9.05	10.60	16.38	13.26	9.99	14.49	15.09	20.73

चित्र 3.5 : विभिन्न ग्रेड़ वाली *स्व: पात्रे* लहसुन कंदिका एवं उनकी *बहि: स्थाने* स्थापना
Figure 3.5: *In-vitro* garlic bulbils of different grades and their *ex-vitro* establishment

ड्रिप सिंचाई द्वारा उर्वरक अनुप्रयोग का समय–निर्धारण

पछेती खरीफ तथा रबी मौसम के दौरान कंदीय उपज और पोषक तत्व अंतर्ग्रहण पर ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से उर्वरक अनुप्रयोग के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। सभी नौ उपचारों का परीक्षण (तालिका 3.6) दो पैटर्न में किया गया यथा (1)पोषकतत्व संचयन प्रतिरूप के अनुसार पौध रोपण के 50 दिन बाद तक (टी–1, टी–2, टी–5 एवं टी–6) और (2) आधार के रूप में सुझाई गई मात्रा के 30 प्रतिशत के साथ पोषक तत्व संचयन प्रतिरूप तथा शेष उर्वरकों को समान खण्ड़ों (टी–3, टी–4, टी–7 एवं टी–8) में बांटकर। परीक्षण को तीन पुनरावृतियों के साथ यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में किया गया। केवल टी–9 को छोड़कर शेष सभी उपचारों में पौध रोपण के समय आधार रूप में 30 किग्रा./हे. की दर पर सल्फर के साथ 7.5 टन/हे. की दर पर वर्मीकम्पोस्ट का अनुप्रयोग किया गया। टी–9 में, पौध रोपण के समय 7.5 टन/हे. की दर से वर्मीकम्पोस्ट तथा फॉस्फोरस, पोटासियम तथा सल्फर की पूरी मात्रा अथवा खुराक का इस्तेमाल किया गया। सभी उपचारों में पौध रोपण के 50 दिन बाद तक उर्वरकों का अनुप्रयोग किया गया। परिणामों से पता चला कि 10 दिन के अन्तराल पर ड्रिप सिंचाई के माध्यम से 100 : 54 : 36 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस– पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने पर दोनों मौसमों में उच्चतर उपज हासिल की गई जो कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से 12 एवं 10 दिन के अन्तराल पर 110 : 40 : 60 : 30 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस – पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने और अकेले नाइट्रोजन का अनुप्रयोग करने के समतुल्य थी (चित्र 3.6)। पछेती खरीफ मौसम के दौरान पोषक तत्व अन्तर्ग्रहण के लिए भिन्न उपचारों के बीच कोई विशेष भिन्नता देखने को नहीं मिली (तालिका 3.6)। हालांकि, 110 : 40 : 60 : 30 किग्रा. नाइट्रोजन– फॉस्फोरस – पोटासियम– सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने की अपेक्षा 110 : 36 : 54 : 30 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम–सल्फर/हे. का अनुप्रयोग करने पर पोषक तत्वों का अवशोषण अधिक मात्रा में पाया गया (तालिका 3.7)।

Fertilizer scheduling through drip irrigation

A field experiment was conducted to study the effect of fertilizer application through drip system on bulb yield and nutrient uptake during late kharif and rabi seasons. In all nine treatments were tested (Table 3.6) in two patterns i.e. 1) as per nutrient accumulation pattern (T1, T2, T5 and T6) and 2) with 30% of recommended dose as basal and remaining fertilizers in equal splits (T3, T4, T7 and T8). The trial was conducted in RBD with three replications. Vermicompost @ 7.5 t/ha and S @ 30 kg/ha was applied as a basal at transplanting in all the treatments except T9. In T9, vermicompost @7.5 t/ha and full dose of P, K, S were applied at the time of transplanting. The fertilizers were applied up to 50 days after transplanting in all treatments. The results showed that application of 100 : 54 : 36 kg NPK/ha through drip irrigation at 10 days interval resulted in higher yield in both the seasons and it was at par with 110 : 40 : 60 : 30 kg NPKS/ha at 12 and 10 days intervals and N alone applied through drip system (Figures 3.6 and 3.7). No significant difference was observed between treatments for nutrient uptake during late kharif season (Table 3.6). However, application of 100 :36 :54 :30 kg NPKS/ha absorbed higher nutrient than in 110:40:60:30 kg NPKS/ha (Table 3.7).

तालिका 3.6 : विभिन्न उपचारों में पोषक तत्व अन्तर्ग्रहण
Table 3.6: Nutrient uptake in different treatments

उपचार Treatment*	सिंचाई अंतराल Irrigation interval	वृहद् पोषक तत्व अंतर्ग्रहण (किग्रा./हे.) Macronutrient uptake (kg/ha)				सूक्ष्म पोषक तत्व अंतर्ग्रहण(किग्रा./हे.) Micronutrient uptake (g/ha)			
		नाइट्रोजन N	फॉस्फोरस P	पोटासियम K	सल्फर S	जिंक Zn	तांबा Cu	मैंग्नीज Mn	लोहा Fe
टी–1/T1	10 दिन/days	51.8	17.6	34.7	10.9	130.0	52.1	242.8	1948.9
टी–2/T2	12 दिन/days	57.4	17.1	37.2	9.7	138.3	48.9	258.8	2053.5
टी–3/ T3	10 दिन/days	60.0	18.1	39.0	14.2	130.7	59.2	305.0	2094.2
टी–4/T4	12 दिन/days	61.3	18.5	39.9	9.8	136.6	51.7	242.0	1902.2
टी–5/T5	10 दिन/days	57.6	18.8	38.2	11.3	129.6	58.4	267.7	2116.9
टी–6/ T6	12 दिन/days	52.0	19.7	35.8	10.3	138.3	50.2	247.7	1798.9
टी–7/T7	10 दिन/days	52.3	19.5	35.9	10.8	142.7	51.5	253.4	2279.2
टी–8/T8	12 दिन/days	53.9	19.1	36.5	10.5	110.9	53.8	238.9	2333.5
टी–9/T9	10 दिन/days	55.7	18.8	37.2	9.9	118.8	52.0	240.2	1907.4
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)		NS	NS	NS	2.9	25.9	NS	NS	487.6
सी.वी. प्रतिशत CV%		15.3	8.7	17.2	11.6	11.2	11.0	14.2	14.9

*टी–1, टी–2, टी–5 एवं टी–6 : उर्वरकों का अनुप्रयोग पोषक तत्व संचयन प्रतिरूप के अनुसार पौध रोपण के 50 दिन बाद तक किया गया।

टी–3, टी–4, टी–7 एवं टी–8 : 30 प्रतिशत उर्वरक मात्रा का अनुप्रयोग आधार रूप में किया गया और शेष का अनुप्रयोग पौध रोपण के 50 दिन बाद तक समान मात्रा में किया गया।

टी–9 : पौध रोपण के 50 दिन बाद तक विखण्ड़ित मात्रा में केवल नाइट्रोजन की सुझाई गई मात्रा का अनुप्रयोग किया गया।

*T1, T2, T5 and T6: Fertilizers applied as per nutrient accumulation pattern and up to 50 days after transplanting

T3, T4, T7 and T8: 30% fertilizers applied as basal and remaining in equal splits up to 50 days after transplanting

T9: Only recommended dose of N applied in splits up to 50 days after transplanting



चित्र 3.6 : पछेती खरीफ मौसम में प्याज की विपणन योग्य कंदीय उपज (टन/हे.) पर ड्रिप प्रणाली के माध्यम से उर्वरक अनुप्रयोग का प्रभाव (उपचार का विवरण तालिका 3.6 में दिया गया है।)

Figure 3.6: Effect of fertilizer application through drip system on onion marketable bulb yield (t/ha) in late *kharif* (Treatment details in Table 3.6)

चित्र 3.7 : रबी मौसम में प्याज की विपणन योग्य कंदीय उपज (टन/हे.) पर ड्रिप प्रणाली के माध्यम से उर्वरक अनुप्रयोग का प्रभाव (उपचार का विवरण तालिका 3.6 में दिया गया है।)

Figure 3.7: Effect of fertilizer application through drip system on onion marketable bulb yield (t/ha) in late *kharif* (Treatment details in Table 3.6)



तालिका 3.7 : प्याज के पोषक तत्व अन्तर्ग्रहण पर उर्वरीकरण का प्रभाव
Table 3.7 : Effect of fertigation on onion nutrient uptake

उपचार Treatment	सिंचाई अंतराल Irrigation interval	वृहद् पोषक तत्व अंतर्ग्रहण (किग्रा./हे.) Macronutrient uptake (kg/ha)				सूक्ष्म पोषक तत्व अंतर्ग्रहण (किग्रा./हे.) Micronutrient uptake (g/ha)		
		नाइट्रोजन N	फॉस्फोरस P	पोटासियम K	सल्फर S	जिंक Zn	तांबा Cu	मैंग्नीज Mn
टी–1/T1	10 दिन/days	86.0	25.4	55.7	19.1	149.6	63.0	194.7
टी–2/T2	12 दिन/days	82.8	21.5	52.1	16.2	148.0	66.7	216.9
टी–3/T3	10 दिन/days	81.8	23.4	52.6	17.6	138.1	57.9	213.9
टी–4/T4	12 दिन/days	84.5	24.2	54.4	19.7	146.7	57.6	222.8
टी–5/T5	10 दिन/days	89.0	23.4	56.2	16.3	157.7	56.9	191.1
टी–6/ T6	12 दिन/days	94.6	22.1	58.3	24.7	159.5	63.5	210.2
टी–7/T7	10 दिन/days	94.6	23.8	59.2	20.5	157.8	67.2	208.7
टी–8/ T8	12 दिन/days	95.7	20.7	58.2	18.9	152.3	62.5	205.1
टी–9/T9	10 दिन/days	83.5	23.0	53.2	18.1	142.6	62.2	179.4
एलएसडी (पी=0.05) LSD (P=0.05)		10.8	5.2	NS	3.9	NS	NS	40.2
सी.वी. प्रतिशत/CV%		10.4	12.8	12.3	12.0	12.9	11.9	11.7

*टी–1, टी–2, टी–5 एवं टी–6 : उर्वरकों का अनुप्रयोग पोषक तत्व संचयन पैटर्न के अनुसार पौध रोपण के 50 दिन बाद तक किया गया।
टी–3, टी–4, टी–7 एवं टी–8 : 30 प्रतिशत उर्वरक मात्रा का अनुप्रयोग आधार रूप में किया गया और शेष का अनुप्रयोग पौध रोपण के 50 दिन बाद तक समान मात्रा में किया गया।

टी–9 : पौध रोपण के 50 दिन बाद तक विखण्ड़ित मात्रा में केवल नाइट्रोजन की सुझाई गई मात्रा का अनुप्रयोग किया गया।

* T1, T2, T5 and T6: As per nutrient accumulation pattern and up to 50 days after transplanting
T3, T4, T7 and T8: 30% as basal and remaining fertilizer in equal splits up to 50 days after transplanting
T9: Recommended N alone in splits up to 50 days after transplanting

खरीफ प्याज की कंदीय उपज के लिए उर्वरीकरण का समय–निर्धारण

दस एवं बारह दिनों के दो अन्तरालों पर अनुप्रयोग की गई उर्वरकों की दो मात्राओं (70 : 35 : 35 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. तथा 75 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.) के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक खेत परीक्षण किया गया। चार पुनरावृतियों में यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में परीक्षण किया गया। टी–1 से टी–4 के चार उपचारों में नीम की खली (5 टन/हे.) तथा 30 किग्रा./हे. की दर पर सल्फर का अनुप्रयोग आधारीय खुराक के रूप में किया गया जबकि टी–5 में, आधार रूप में नीम की खली (5 टन/हे.), फॉस्फोरस, पोटासियम एवं सल्फर का अनुप्रयोग किया गया। कंदीय उपज के मामले में 12 दिनों के अंतराल पर 75 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने पर 10 दिनों के अंतराल पर 75 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने के समतुल्य परिणाम प्राप्त हुए (चित्र 3.8)। नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–सल्फर का सम्मिलित अनुप्रयोग करने पर 16.1 प्रतिशत उपज हासिल की गई जो कि 10 दिनों के अंतराल पर विखंडित मात्रा में 75 किग्रा./हे. की दर पर अकेले नाइट्रोजन का अनुप्रयोग करने की तुलना में 13.2 प्रतिशत अधिक थी।

Fertigation scheduling for *kharif* onion bulb crop

A field experiment was carried out to study the effect of two doses of fertilizers (70 : 35 : 35 kg NPK/ha and 75 : 40 : 40 kg NPK/ha) applied at two intervals (10 and 12 days intervals). The trial was laid in RBD with four replications. In four treatments T1–T4, neem cake (5 t/ha) and sulphur @ 30 kg/ha was applied as a basal dose, while in T5, neem cake (5 t/ha), P, K and S were applied as basal. The results showed that application of 75 : 40 : 40 NPK kg/ha at 12 days interval was at par with 75 : 40 : 40 NPK kg/ha at 10 days interval for bulb yield (Figure 3.8). The yield from combined application of NPS was 16.1% and 13.2% higher than application of N alone @ 75 kg/ha in splits at 10 days interval.



चित्र 3.8 : खरीफ मौसम में प्याज की विपणन योग्य कंदीय उपज (टन/हे.) पर उर्वरीकरण का प्रभाव

Figure 3.8: Effect of fertigation on onion marketable bulb yield (t/ha) during *kharif* season

टी–1 : 10 दिनों के अन्तराल पर 70 : 35 : 35 किग्रा. नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटासियम/हे. ; टी–2 : 12 दिनों के अन्तराल पर 70 : 35 : 35 किग्रा. नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटासियम/हे. ; टी–3 : 10 दिनों के अन्तराल पर 75 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटासियम/हे. ; टी–4 : 12 दिनों के अन्तराल पर 75 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटासियम/हे. ; टी–5 : 10 दिनों के अन्तराल पर अकेले 100 किग्रा. नाइट्रोजन/हे. का अनुप्रयोग

T1: 70:35:35 kg NPK/ha at 10 days interval; T2: 70:35:35 kg NPK/ha at 12 days interval; T3: 75:40:40 NPK/ha at 10 days interval; T4: 75:40:40 NPK/ha at 12 days interval and T5: 75 kg N alone/ha at 10 days interval

प्याज की बीज फसल के लिए उर्वरक समय–निर्धारण

दस एवं बारह दिनों के दो अन्तरालों पर उर्वरक अनुप्रयोग (80 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. एवं 100 : 50 : 50 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.) के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए खेत परीक्षण किया गया। पौध रोपण के समय आधार रूप में 50 किग्रा./हे. की दर पर सल्फर का

Fertilizer scheduling for onion seed crop

A field experiment was conducted to study the effect of fertilizer application (two levels of fertilizers: 80 : 40: 40 kg NPK/ha and 100 : 50 : 50 kg NPK/ha at two intervals: 10 and 12 days irrigation interval). Sulphur @ 50 kg/ha was

अनुप्रयोग किया गया। टी–5 में, आधार रूप में फॉस्फोरस तथा पोटासियम की पूरी मात्रा और नाइट्रोजन की 30 प्रतिशत मात्रा का तथा शेष नाइट्रोजन मात्रा का अनुप्रयोग पौध रोपण के 60 दिन बाद तक छः समान विखण्ड़ित खुराकों में किया गया। टी–1 से टी–4 में, पौध रोपण के 60 दिन बाद तक 10 एवं 12 दिनों के अन्तराल पर नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम का अनुप्रयोग किया गया। बीज उपज के संदर्भ में, पौध रोपण से 48 दिनों तक 12 दिनों के अन्तराल पर 80 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने पर 10 दिनों के अन्तराल पर 100 : 50 : 50 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे. का अनुप्रयोग करने के समतुल्य परिणाम प्राप्त हुए (चित्र 3.9)। इन उपचारों में हालांकि, आधार रूप में फॉस्फोरस एवं पोटासियम के साथ अकेले 100 किग्रा. नाइट्रोजन के विखण्डित अनुप्रयोग की अपेक्षा कहीं उच्चतर बीज उपज प्राप्त हुई।

applied as basal at the time of planting. In T5, full dose of P and K and 30% of N was applied as basal and remaining N was applied in six equal splits up to 60 days after planting. In T1–T4, NPK were applied at 10 and 12 days interval up to 60 days after planting. The results showed that application of NPK @ 80 :40 : 40 kg NPK/ha at 12 days interval from planting to 48 days was at par with 100 :50 : 50 kg NPK/ha at 10 days interval up to 50 days for seed yield (Figure 3.9). These treatments, however, resulted in higher seed yield than split application of 100 kg N alone with P and K as a basal dose.

चित्र 3.9 : प्याज की बीज उपज (किग्रा./हे.) पर उर्वरीकरण का प्रभाव

Figure 3.9: Effect of fertigation on onion seed yield (kg/ha)



टी–1 : 10 दिनों के अन्तराल पर 80 : 45 : 45 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.; टी–2 : 12 दिनों के अन्तराल पर 80 : 40 : 40 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.; टी–3 : 10 दिनों के अन्तराल पर 100 : 50 : 50 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.; टी–4 : 12 दिनों के अन्तराल पर 100 : 50 : 50 किग्रा. नाइट्रोजन–फॉस्फोरस–पोटासियम/हे.; तथा टी–5 : 10 दिनों के अन्तराल पर अकेले 100 किग्रा. नाइट्रोजन/हे.;

T1: 80:45:45 kg NPK/ha at 10 days interval; T2: 80:40:40 kg NPK/ha at 12 days interval; T3: 100:50:50 NPK/ha at 10 days interval; T4: 100:50:50 NPK/ha at 12 days interval and T5: 100 kg N alone/ha at 10 days interval

स्थाई खाद परीक्षण

